आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 14 जुलाई 2025 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-4 ■ वर्ष -41 ■ अंक-107 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 15 जुलाई 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112




## संक्षेप

### मार्केटिंग कंपनी की 3 युवतियों की तबीयत बिगड़ी, एक की मौत

**बिलासपुर, 14 जुलाई।** सिरगिट्टी स्थित मार्केटिंग कंपनी में काम करने वाली 3 युवतियों की अचानक तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां एक ही उपचार के दौरान मौत हो गई. वहीं दो अन्य का उपचार जारी है. जानकारी के अनुसार, तीनों युवतियों को उल्टी-दस्त के बाद उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था. पीड़ितों ने बताया कि तबीयत बिगड़ने पर उन्होंने खुद दवा ली थी, जिसके बाद और तबीयत बिगड़ गई. उपचार के दौरान गंभीर एक युवती की मौत हो गई. वहीं दो का अभी भी उपचार जारी है. इस पूरे घटनाक्रम में मार्केटिंग कंपनी की भूमिका को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं. बताया जा रहा है तीनों युवतियां बिलासपुर से बाहर की रहने वाली हैं, जो सिरगिट्टी स्थित मार्केटिंग कंपनी के लिए काम किया करती थीं. घटना की सूचना मिलने के बाद सिरगिट्टी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.

### झपकी में गई दो जानें

**जगदलपुर, 14 जुलाई।** बस्तर जिले में सोमवार अल सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हुआ. रायपुर से जगदलपुर आ रही मनीष ट्रेवल्स की बस बस्तर थाना क्षेत्र में माजीसा पेट्रोल पंप के पास खड़े ट्रक से टकरा गई. इस हादसे में बस चालक और महिला हेल्पर की मौत हो गई है. हादसे के वक्त बस में 30 से अधिक यात्री सवार थे. बताया जा रहा है कि सुबह करीब 4 बजे चालक को झपकी आ गई, जिससे बस सीधे सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई. टक्कर इतनी भीषण थी कि चालक बस में ही बुरी तरह फंस गया. उसे निकालने के लिए कटर मशीन का सहारा लेना पड़ा. स्थानीय पुलिस और रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया. फिलहाल, बाकी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है.

### बिहार में वज्रपात से नौ की मौत

**पटना ,14 जुलाई।** बिहार में पिछले 24 घंटों के दौरान वज्रपात से नौ लोगों की मौत हो गई। मौसम में हुए अचानक बदलाव के कारण पटना, गया, वैशाली और बांका सहित कई जिलों में गरज के साथ बारिश हुई। इस दौरान कई लोगों के घायल होने की भी खबर है। मृतकों की उम्र 12 से 65 वर्ष के बीच है। वज्रपात से सबसे ज्यादा प्रभावित जिला बांका रहा, जहां चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में कोहकारा की 12 वर्षीय करीना कुमारी, अमरपुर के अनिल यादव, फुलदीदुमार की सुलेक्षा देवी और बेलहर के पशुपालक विजय यादव शामिल हैं।

# खाद की कमी और भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी के मुद्दे पर सदन में जमकर हंगामा

**रायपुर, 14 जुलाई।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन खाद की कमी और राजस्व निरीक्षक 2024 भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी के मुद्दे पर विपक्ष हमलावर रहा। डीएपी (खाद) की कमी पर स्थगन प्रस्ताव लाया। भूपेश बघेल के कहा कि 1300 रुपए का डीएपी बाजार में 21 सौ में मिल रहा। बघेल ने कहा कि धान उत्पादन कम करने सरकार खाद रोक रही है। बाजारों में अमानक बीज मिल रहे हैं।

स्थगन की सूचना देते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि पूरे राज्य में खाद की भारी किल्लत है. किसान इससे दुःखी हैं, आक्रोशित हैं. इस पर स्थगन स्वीकार कर चर्चा कराई जाए. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में खाद संकट से किसान हलाकान है. सरकार खाद उपलब्ध कराने में नाकाम है. किसान बाहर बाजार से दोगुने भाव मे खाद खरीदने में मजबूर हैं.

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग के लिए जागरूक कर रहे हैं, वैकल्पिक खाद के उपयोग की भी जानकारी प्रशिक्षण के जरिए दी गई. फास्फेटिक खाद की आपूर्ति प्रभावित हुई, इसलिए हमने बहुत पहले से वैकल्पिक व्यवस्था की. नैनो उर्वरकों के उपयोग की अनुशंसा की गई है. बड़ी तादाद में इसका भंडारण भी किया जा चुका है. मंत्री ने बताया कि वैश्विक कारणों से रासायनिक खाद की आपूर्ति प्रभावित हुई. एनपीके उर्वरक का भंडारण लक्ष्य से ज्यादा हुआ है. पोटाश सहित अन्य खाद का भी भंडारण हुआ है. 28 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में बोअनी हो चुका है, जो पहले से ज्यादा है. मंत्री के वक्तव्य के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विपक्ष का स्थगन अग्राह्य किया, स्थगन अग्राह्य होने और मंत्री के वक्तव्य से असंतुष्ट कांग्रेस के विधायकों ने वेल में आकर जमकर नारेबाजी की. इससे पहले प्रश्नकाल में 2024 में हुई राजस्व निरीक्षक भर्ती गड़बड़ी के मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ। राजेश मूणत ने सदन में मामला उठाकर गड़बड़ी पिछली सरकार में होने की बात कही तो विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा करते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया। उन्होंने परीक्षा मौजूदा सरकार में होने की बात कही। भूपेश बघेल ने मामले की सीबीआई जांच मांगी है। हालांकि राजस्व मंत्री ने भर्ती परीक्षा में अनियमितता को स्वीकारा और कहा कि पांच सदस्यीय कमेटी की जांच रिपोर्ट में गड़बड़ी हुई। उच्च स्तरीय जांच के लिए EOW से 40 बिंदुओं में जांच कराई जा रही है। मंत्री टंकराम वर्मा ने आगामी विधानसभा से पहले कार्रवाई का ऐलान किया है। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने EOW जांच के आदेश किसके द्वारा दिए जाने का सवाल उठाया तो जवाब में मंत्री टंकराम वर्मा ने विभाग द्वारा EOW से जांच कराने के निर्णय की जानकारी दी। अजय चंद्राकर ने महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय की भर्ती प्रक्रिया पर सवाल उठाए, कहा कि भर्ती परीक्षा में रोस्टर नियमों का पालन नहीं हुआ है, मनमानी की गई। जिस पर सीएम ने कहा कि गड़बड़ी की जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद एक्शन लिया जाएगा।



विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह की अध्यक्षता में विधानसभा के समिति कक्ष में कार्य मंत्रणा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, वित्त मंत्री ओ पी चौधरी, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, विधायक अजय चंद्राकर, विधायक धर्मजीत सिंह सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त को दी गई श्रद्धांजलि

सत्र की शुरुआत में सदन ने पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त और पूर्व मंत्री सुरेन्द्र बहादुर सिंह को श्रद्धांजलि दी. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने शोक संदेश में कहा कि 'पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। शेखर दत्त जी ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के रूप में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। हमारा राज्य अपनी रजत जयंती वर्ष मन रहा है, राज्य और विधानसभा के संकल्पों को गढ़ने और छत्तीसगढ़ के नागरिकों के सपनों को संवारने में उनकी विशेष भूमिका रही है'.

## तीन राज्यों को मिले नए राज्यपाल

**नई दिल्ली, 14 जुलाई।** हरियाणा और गोवा में नए राज्यपालों की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा लद्दाख में भी फेरबदल किया गया है। यहां अब कविंद्र गुप्ता उपराज्यपाल होंगे, जबकि अब तक एलजी रहे ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। हरियाणा में अब प्रोफेसर असीम कुमार घोष राज्यपाल होंगे। यही नहीं गोवा में गजपति राजू को राज्यपाल बनाकर भेजा गया है। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से इनकी नियुक्ति की जानकारी दी है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। राष्ट्रपति के प्रेस सचिव अजय कुमार सिंह की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। कविंद्र गुप्ता जम्मू-कश्मीर भाजपा के बड़े नेता रहे हैं और उप-मुख्यमंत्री के तौर पर भी जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। अब उन्हें उप-राज्यपाल बनाकर सक्रिय राजनीति से दूर किया गया है, लेकिन लद्दाख ही भेजा गया है। इसकी वजह यह है कि जम्मू-कश्मीर का ही लद्दाख 2019 से पहले हिस्सा हुआ करता था। कविंद्र गुप्ता को लद्दाख की राजनीति, संस्कृति और अन्य चीजों के बारे में अच्छी जानकारी है। ऐसे में उन्हें लद्दाख में एलजी पद के लिए उपयुक्त व्यक्ति माना जा रहा है। कविंद्र गुप्ता दशकों से भाजपा के समर्पित नेता रहे हैं। अब तक हरियाणा में बंडारू दत्तात्रेय राज्यपाल थे और अब उनकी जगह प्रोफेसर असीम कुमार घोष लेंगे। बंडारू दत्तात्रेय 2021 से ही हरियाणा के राज्यपाल थे। अभी यह जानकारी नहीं मिली है कि बंडारू दत्तात्रेय को अब क्या जिम्मेदारी मिलेगी। गजपति राजू तेलुगु देशम पार्टी के नेता रहे हैं और अब गोवा में राज्यपाल के तौर पर काम देखेंगे। ऐसा पहली बार है, जब मोदी सरकार में शामिल किसी गठबंधन सहयोगी के नेता को राज्यपाल के तौर पर जिम्मेदारी सौंपी गई है। अब तक सरकार की नीति भाजपा के नेताओं, सैन्य सेवा में रहे लोगों को ही राज्यपाल के तौर पर जिम्मेदारी देने की रही है। ऐसा पहली बार है, जब किसी गैर-भाजपा दल के नेता को यह मौका मिला है।

## निमिषा प्रिया को दोहरा झटका

**नई दिल्ली, 14 जुलाई।** निमिषा प्रिया को यमन में बचाने की एक और उम्मीद खत्म होती नजर आ रही है। सोमवार को सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि वह इस मामले में ज्यादा कुछ नहीं कर सकते। निमिषा को यमन में 16 जुलाई को सजा-ए-मौत दी जा सकती है। वह तलाल अब्दो महदी नाम के यमनी नागरिक की हत्या के मामले में दोषी पाई गईं हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सरकार ने कहा, 'यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है... लेकिन एक सीमा है जहां तक हम जा सकते हैं।' आगे कहा गया, 'अब एक ही रास्ता है कि (यमनी नागरिक का) परिवार ब्लड मनी को स्वीकार करने के लिए तैयार हो जाए।' दरअसल, इस व्यवस्था के तहत पीड़ित परिवार को एक धनराशि दी जाती है। हालांकि, यह रकम कितनी होगी, यह दोनों पक्ष मिलकर तय करते हैं। एटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने अदालत को बताया कि भारत इस मामले में इतना आगे ही जा सकता था और सरकार उस सीमा तक पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा, 'सरकार ज्यादा कुछ नहीं कर सकती। यमन की संवेदनशीलता को देखते हुए, यह कूटनीतिक रूप से मान्य नहीं है। ब्लड मनी एक निजी समझौता है।' केरल के पल्लकड़ जिले की निमिषा प्रिया महदी की हत्या की दोषी पाई गई हैं। उन्होंने एक अन्य नर्स के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। खबर है कि दोनों ने कथित तौर पर यमनी नागरिक के शव को काटा और एक अंडरग्राउंड टैंक में डाल दिया था। इससे पहले कई मौकों पर निमिषा प्रिया ने आरोपों को चुनौती दी है, लेकिन कोर्ट ने उनकी अपील खारिज कर दीं। आसान भाषा में समझें, तो ब्लड मनी का मतलब उस आर्थिक मुआवजे से है, जो दोषी की तरफ से पीड़ित परिवार को दिया जाता है। खासतौर से गैर इरादतन हत्या के मामले में ऐसा होता है। इसके बाद पीड़ित परिवार पर निर्भर करता है कि वह दोषी को माफ करते हैं या नहीं। इस्लामिक कानून के अनुसार, अपराध के पीड़ितों को अपनी राय देने का अधिकार होता है कि अपराधियों को कैसे सजा दी जाए। हत्या के मामले में यह पीड़ित परिवार पर लागू होता है। हत्या के मामले में सजा-ए-मौत सुनआई जा सकती है, लेकिन अगर पीड़ित परिवार चाहे तो एक रकम के बदले में दोषी को माफी का विकल्प भी चुन सकता है। इसे दिया प्रथा कहा जाता है।



## पैरा फुटू खाने से एक ही परिवार के 13 लोग बीमार

**बालोद, 14 जुलाई।** पैरा में उगे फुटू की सब्जी खाने से एक ही परिवार के 13 सदस्य फूड पॉइजनिंग के शिकार हुए हैं. यह मामला डौंडीलोहारा क्षेत्र के ग्राम मुड़खुसरा का है. गांव के हल्बा परिवार ने फुटू की सब्जी खाई इसके कुछ घंटों बाद सभी को उल्टी-दस्त और पेट दर्द की शिकायत होने लगी. तत्काल सभी को डौंडीलोहारा के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया. ग्रामीणों के अनुसार एक ब्यारे में पैरा के ढेर पर फुटू उग आया था, जिसे महिलाओं ने तोड़कर सब्जी बनाई. फुटू की मात्रा कम थी, इसलिए सभी ने थोड़ा-थोड़ा ही खाया, लेकिन खाना खाने के करीब दो घंटे बाद एक-एक कर सभी बीमार पड़ने लगे. परिवार के पुरुष सदस्य उस समय अपने-अपने काम में व्यस्त थे और उन्होंने यह सब्जी नहीं खाई, इसलिए वे सुरक्षित हैं. महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक असर हुआ. बीएमओ डॉ. विनोद चौरका ने बताया कि सभी पीड़ितों को समय रहते अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है. उन्होंने आशंका जताई कि यह फुटू संभवतः किसी जहरीली प्रजाति का रहा होगा, जिससे यह फूड पॉइजनिंग हुई.

## समाज में ऐसे लोग जरूरी, जो सरकार के खिलाफ अदालत जा सकें : नितिन गडकरी

**नागपुर, 14 जुलाई।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का कहना है कि समाज में कुछ ऐसे लोग भी होने चाहिए, जो सरकार के खिलाफ अर्जी दाखिल कर सकें। उन्होंने नागपुर में दिवंगत प्रकाश देशपांडे स्मृति कुशल संगठक पुरस्कार कार्यक्रम के मौके पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि लोक प्रशासन में अनुशासन बनाए रखने के लिए जरूरी है कि किसी भी गलती पर अदालत का रुख किया जाए। अदालत के माध्यम से प्रशासन में अनुशासन बनाए रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि समाज में कुछ लोग ऐसे होने चाहिए, जो सरकार के खिलाफ अदालत में अर्जी दाखिल कर सकें। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से नेता अनुशासन में रहते हैं। नितिन गडकरी ने कहा कि कई बार सरकार में बैठे मंत्री भी वह काम नहीं कर पाते हैं, जो अदालत के आदेश पर हो जाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि जनता को लुभाने की राजनीति नेताओं और मंत्रियों के आड़े आती है और वे जनहित में कदम नहीं उठा पाते। इस दौरान उन्होंने ऐसे कई लोगों के उदाहरण भी दिए, जिन्होंने सरकार के खिलाफ ही किसी मामले में अर्जी दाखिल की थी। उन्होंने कहा कि प्रशासन में अनुशासन बनाए रखने के लिए यह जरूरी चीज है। नितिन गडकरी ने कहा कि कई बार ऐसा हुआ है कि जब लोग अदालत गए तो सरकार को अपने किसी फैसले से पीछे हटना पड़ा।



## नाथू ला मार्ग से कैलाश मानसरोवर यात्रा : तीर्थयात्रियों ने की व्यवस्थाओं की तारीफ

**गंगटोक ,14 जुलाई।** नाथू ला मार्ग से हो रही कैलाश मानसरोवर यात्रा की तीर्थयात्री और अधिकारी काफी तारीफ कर रहे हैं। अधिकारियों का दावा है कि यात्रा को सुगम बनाने की दिशा में तैयारियों में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती गई है। सिक्किम पर्यटन विकास निगम (एसटीडीसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) राजेंद्र छेत्री का कहना है कि तीर्थयात्रियों से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया इस बात का सबूत है कि यात्रा का आयोजन बेहद शानदार है। चौथा जत्था अपनी पवित्र यात्रा पूरी कर ल्हासा के लिए रवाना हो चुका है। वहीं, पांचवां जत्था इस समय शेरथांग में तिब्बत में प्रवेश की तैयारी कर रहा है।

उन्होंने कहा, तीर्थयात्री एसटीडीसी की सुविधाओं से बहुत खुश हैं। एक समय में तिब्बती क्षेत्र में दो जत्थे रहते हैं। एक प्रवेश करता है और दूसरा वापस लौटता है। पहले जत्थे में 36 तीर्थयात्री थे, जबकि बाकी में 45-48 यात्री शामिल हैं। प्रत्येक जत्थे के साथ विदेश मंत्रालय के दो संपर्क अधिकारी भी होते हैं। अंतिम जत्था 7 अगस्त को रवाना होगा, 12 अगस्त को तिब्बत में प्रवेश करेगा और 23 अगस्त तक भारत लौट आएगा।

### राहुल गांधी ने आदिवासी नेताओं के साथ की बैठक

## बैज समेत प्रदेश के कई नेता हुए शामिल

**नई दिल्ली, 14 जुलाई।** कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को नई दिल्ली में देशभर के आदिवासी समुदाय से जुड़े कांग्रेस नेताओं और विधायकों के साथ बैठक की। इस अहम बैठक में छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज समेत कांग्रेस के आदिवासी विधायक और नेता शामिल हुए। मिली जानकारी के मुताबिक बैठक में कांग्रेस के आदिवासी नेताओं ने सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक अधिकारों को लेकर विचार रखे और समुदाय के सामने खड़े प्रमुख मुद्दों पर समाधान की दिशा में संयुक्त रणनीति तय करने का संकल्प लिया। इस महत्वपूर्ण बैठक में छत्तीसगढ़ से कांग्रेस के शीर्ष आदिवासी नेता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया, पूर्व राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, पूर्व विधायक लखेश्वर बघेल, विधायक विद्यावती सिदार, विधायक जनक ध्रुव, विधायक अंबिका मरकाम समेत आदिवासी नेता शामिल रहे। सभी नेताओं ने राहुल गांधी को छत्तीसगढ़ के आदिवासी समुदाय के अधिकारों, जमीन, जल, जंगल और शिक्षा से जुड़े विषयों को लेकर अपनी बातें रखीं।



## शुभांशु इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से पृथ्वी के लिए रवाना

**नई दिल्ली, 14 जुलाई।** शुभांशु शुक्ला सहित चार एस्ट्रोनॉट आज यानी 14 जुलाई को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (ISS) से पृथ्वी के लिए रवाना होंगे। करीब 23 घंटे के सफर के बाद उनका स्पेसक्राफ्ट अगले दिन (15 जुलाई) दोपहर करीब 3 बजे समुद्र में लैंड करेगा। ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट 580 पाउंड यानी, करीब 263 किलो से ज्यादा कार्गो के साथ वापस आएगा, जिसमें नासा का हार्डवेयर और 60 से ज्यादा प्रयोगों का डेटा शामिल होगा। यह कार्गो अंतरिक्ष अनुसंधान के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। क्रू को लौटने के बाद 2 से 3 हफ्ते तक ऑब्जर्वेशन में रहना होगा। चारों एस्ट्रोनॉट 26 जून को शाम 4:01 बजे ISS पहुंचे थे। शुभांशु ने मिशन के दौरान 60 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोगों में हिस्सा लिया। इनमें भारत के सात प्रयोग शामिल थे। उन्होंने मेथी और मूंग के बीजों को अंतरिक्ष में उगाया। स्पेस माइक्रोएल्गी' प्रयोग में भी हिस्सा लिया। शुभांशु ने अंतरिक्ष में हड्डियों की सेहत पर भी प्रयोग किए। 28 जून 2025 को शुभांशु ने ISS से पीएम नरेंद्र मोदी के साथ लाइव वीडियो कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से भारत बहुत भव्य दिखता है। पीएम ने पूछा कि आप गाजर का हलवा लेकर गए हैं। क्या साथियों को खिलाया। इस पर शुभांशु ने कहा- हां साथियों के साथ बैठकर खाया। उन्होंने तिरुवनंतपुरम, बेंगलुरु और लखनऊ के 500 से अधिक छात्रों के साथ हैम रेडियो के जरिए बातचीत की। इसका मकसद युवाओं में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के प्रति रुचि बढ़ाना था। 6 जुलाई को उन्होंने ISRO के चेयरमैन डॉ. वी. नारायणन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की, जिसमें उनके प्रयोगों और भारत के गगनयान मिशन के लिए उनके योगदान पर चर्चा हुई।



# विकास कार्यों का विधायक रिकेश ने किया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 14 जुलाई।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने सब्जी मंडी में डोम शेड, सिंधू भवन विस्तार और जवाहर नगर में देव धाम निर्माण के लिए लगभग 1.51 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। ज्ञात हो कि गोल मार्केट वैशाली नगर स्थित सब्जी मंडी चबूतरे को व्यवस्थित कर उसका सौंदर्यीकरण, तीन डोम शेड निर्माण कार्य के लिए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने मार्केट व्यापारियों की मौजूदगी में 10 लाख 59 हजार रुपये के कार्य के लिए भूमिपूजन किया। इसके पश्चात सिंधू भवन विस्तार और डोम शेड के लिए लगभग 40 लाख के निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। विधायक सेन का श्रीराम सिंधी पंचायत के अध्यक्ष और



समाज प्रमुखों ने स्वागत किया। विधायक रिकेश ने सिंधू भवन प्रांगण के विस्तार के लिए 25 लाख रूपये, मंदिर प्रांगण में डोम शेड के लिए 15 लाख रुपये के विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद श्रीमती स्मिता दोंडके, भीमसेन सेतपाल, जय गेहानी, गोपी राजपालानी, अर्जुन सचदेव, मुन्ना लाल कुकरेजा, चंदूलाल आहूजा सहित सिंधी समाज के प्रमुख जन मौजूद रहे। जवाहर नगर में देव धाम निर्माण के लिए लगभग 1 करोड़ रुपये के निर्माण कार्यों का विधायक सेन ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर सेन ने श्रीश्रीश्री मंकिनम्मा मंदिर, रेणुका एलम्मा देवी मंदिर, नुकाम्बिका देवी, विराट पोतुलूरी वीर ब्रम्हेंद्र स्वामी मंदिर, मां सिन्धु पाटरानी मंदिर के लिए पहुंच मार्ग, डोम शेड, स्ट्रीट लाइट्स सहित सम्पूर्ण क्षेत्र को देव धाम के रूप में डेवलप किया जाएगा। इस अवसर पर तेलुगू, उत्कल, वैश्य, चित्रगुप्त, यदुवंशी, कसौंधन वैश्य समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# राम कथा जैसे आयोजन से लोगों में बढ़ती है ज्ञान और भक्ति भावना : विजय बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 14 जुलाई।** श्री राम कथा एवं महोत्सव का आयोजन शिष्य परिवार राधे निकुंज शिक्षण एवं जनकल्याण ट्रस्ट में पांच दिवसीय 9 से 13 जुलाई तक किया गया। समापन के अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कथा वाचक नारायण महाराज के सानिध्य में कथा का श्रवण किया। इस आयोजन में श्रीराम कथा का पाठ किया गया, जिसमें भगवान राम के



जीवन और उनके आदर्शों को प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में गुरुओं की महत्ता और उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त की गई। सांसद विजय बघेल ने समापन समारोह में विशेष उपस्थिति दर्ज कराई और कहा कि श्री राम कथा और गुरु पूर्णिमा महोत्सव जैसे आयोजनों से आध्यात्मिक ज्ञान और भक्ति भावना को बढ़ावा मिलता है। ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता और सौहार्द को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस प्रकार के आयोजनों से न केवल आध्यात्मिक ज्ञान की प्राप्ति होती है, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा और एकता का संचार भी होता है।

## एक नजर

### अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ ने मुख्यमंत्री साय से की मुलाकात



**भिलाई, 13 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी एवं संजय शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल विगत दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर नगरीय निकाय के कर्मचारियों की तीन सूत्रीय मांगों को पूर्ण करने का अनुरोध किया गया। जिसमें प्रति माह पहली तारीख को कर्मचारियों को वेतन भुगतान सुनिश्चित करने, ओल्ड पेंशन योजना लागू करने एवं नगरीय निकाय में कर्मचारियों की पदोन्नति हेतु चैनल निर्धारित करते हुए पद स्वीकृत किये जाने का उल्लेख है।

### अंकुश देवांगन ने किया लोकमान्य तिलक की प्रतिमा का निर्माण



**भिलाई, 13 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की नयनाभिराम प्रतिमा का निर्माण सुप्रसिद्ध मूर्तिकार डॉ अंकुश देवांगन ने किया है। महाराष्ट्र स्नेह मंडल नेहरू नगर द्वारा इस प्रतिमा को स्मृति नगर के बाल गंगाधर तिलक उद्यान में स्थापित किया जा रहा है। सूक्ष्म से सूक्ष्मतम् और विशाल से विशालतम् कलाकृतियों के निर्माण जैसी विविधता के साथ इस कला के हर क्षेत्र में अपना श्रेष्ठतम् देने के कारण वे छत्तीसगढ़ी कलाजगत में मूर्तिकला के पर्याय के रूप मे जाने जाते हैं। उन्होंने न सिर्फ छग वरन् पूरे भारतवर्ष में अपने कला का परचम लहराया है।

### शादी का प्रलोभन देकर अनाचार करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भिलाई, 13 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शादी का प्रलोभन देकर युवती से अनाचार करने वाले आरोपी को जामुल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जामुल टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि जामुल क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता 26 जून रिपोर्ट दर्ज कराया कि हाउसिंग बोर्ड का रहने वाला आरोपी रवि पौडेल (33 साल) ने शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाया है प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया जामुल थाने पुलिस ने आरोपी रवि को घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपी से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया आरोपी के खिलाफधारा 376 (2) (एन), 3(2), 5 एसटी एससी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### हर-हर महादेव के उद्घोष और बोल बम की जयघोष से गूंजा कवर्धा

# उत्साह के साथ निकली भोरमदेव पदयात्रा

■ **उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पंचमुखी बूढ़ा महादेव में पूजा-अर्चना कर भगवा ध्वज के साथ की पदयात्रा की शुरुआत**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 14 जुलाई।** सावन माह के पहले सोमवार को कबीरधाम जिले में निकाली गई भोरमदेव पदयात्रा इस वर्ष भी पूरी भक्ति, उत्साह और दिव्यता के साथ संपन्न हुई। हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंजते कवर्धा नगर से लेकर भोरमदेव मंदिर तक श्रद्धा और शिवभक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला।इस ऐतिहासिक यात्रा का शुभारंभ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक विजय शर्मा ने पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर और भगवा ध्वज लेकर किया। इस दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी भी उपस्थित रहे।

**माँ नर्मदा जल से होगा जलाभिषेक, 600 पैकेट जल की व्यवस्था:** इस वर्ष की पदयात्रा को विशेष और आध्यात्मिक रूप से और भी समृद्ध बनाने हेतु मां नर्मदा के पवित्र जल से भोरमदेव बाबा का जलाभिषेक किया जाएगा। इसके लिए उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा 600 पैकेट नर्मदा जल की विशेष व्यवस्था की गई है। यह अभिनव पहल कलेक्टर गोपाल वर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी के संयुक्त प्रयास से संभव हो सकी है, जिसे श्रद्धालुओं और नगरवासियों द्वारा अत्यंत सराहा जा रहा है।



**झांकियां बनी आकर्षण का केंद्र**

इस बार की पदयात्रा में शिवजी की बाल्यावस्था से लेकर विविध स्वरूपों में तैयार की गई झांकियां, नदी की सवारी जैसी झांकी और भक्तिमय प्रदर्शनियां विशेष आकर्षण रहीं। झांकियों ने न केवल धार्मिक भावनाओं को जागृत किया, बल्कि कला और संस्कृति की झलक भी प्रस्तुत की।

**उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, पांच हजार से अधिक पदयात्री हुए शामिल :** लगभग 18 किलोमीटर की यह पदयात्रा कवर्धा से भोरमदेव मंदिर तक निकाली गई, जिसमें 5 हजार से अधिक श्रद्धालु, भक्त और पदयात्री सम्मिलित हुए। वर्ष 2008 से निरंतर जारी इस पदयात्रा की भव्यता और सहभागिता हर वर्ष बढ़ती जा रही है।

**ग्राम पंचायतों व संगठनों ने किया स्वागत:** पदयात्रा मार्ग में ग्राम पंचायतों, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संस्थाओं और शासकीय विभागों द्वारा श्रद्धालुओं का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। जगह-जगह फलाहारी नाश्ते, जलपान व विश्राम की समुचित व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष निगरानी और सहयोग की भावना से कार्य किया गया।

**प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की रही सक्रिय सहभागिता:** पदयात्रा में कलेक्टर गोपाल वर्मा सहित जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, आईएएस अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण भी पूरी आस्था के साथ सम्मिलित हुए। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में यह यात्रा केवल धार्मिक आयोजन न होकर जनसंपर्क, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक बन गई है।

## सीबीएसई तीरंदाजी टूर्नामेंट में छात्रों ने कई पदक जीते



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

■ **कक्षा 12वीं के मोहित मस्तावर ने प्रथम स्थान प्राप्त करके स्वर्ण व पूर्व साहू ने दूसरा स्थान प्राप्त करके रजत पदक जीता**

**भिलाई, 14 जुलाई।** सीबीएसई फॉर ईस्ट जोन तीरंदाजी टूर्नामेंट का आयोजन पश्चिम बंगाल में चटर्जी नोबल स्कूल बारानगर नादिया द्वारा 10 से 12 जुलाई तक किया गया। इसमें छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और उड़ीसा के क्षेत्रीय विद्यालयों ने भाग लिया। लगभग 300 छात्र, जिनमें लड़के और लड़कियां दोनों शामिल थे। 14 वर्ष से कम, 17 वर्ष से कम और 19 वर्ष से कम आयु वर्ग में विभाजित थे। इन प्रतिभागियों को सफलता प्राप्त करने के लिए तीन राउंड के मैच थे - इंडियन राउंड, रिकर्व राउंड और कंपाउंड राउंड। प्रतियोगिता कठिन थी; प्रतियोगी निपुण और दृढ़ थे। कृष्णा पब्लिक स्कूल के दो निपुण और दृढ़निश्चयी प्रतिभागियों ने विजेता बनकर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। इनमें कक्षा 12 के मोहित कुमार मस्तावर ने प्रथम स्थान प्राप्त करके स्वर्ण और कक्षा 12 के पूर्व कुमार साहू ने दूसरा स्थान प्राप्त करके रजत पदक जीता। उन्हें इस साल सितंबर में पंजाब के संगरूर में आयोजित होने वाले सीबीएसई राष्ट्रीय स्तरीय तीरंदाजी टूर्नामेंट 2025 के लिए चुना गया है।

## पेरोल पर जेल से बाहर आए निगरानी बदमाश ने बुजुर्ग से की धोखाधड़ी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 14 जुलाई।** बुजुर्ग को केंद्रीय जेल दुर्ग में निरुद्ध पुत्र की जमानत कराने के नाम पर धोखाधड़ी कर पेरोल पर आए फरार निगरानी बदमाश को पाटन थाने पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1500 रुपए नगद मोबाइल एवं एक्टिवा जब्त किया है।

पेरोल पर आए आरोपी व्दारा घटना को अंजाम दिया गया पाटन टीआई अनिल साहू ने बताया कि नंदन यादव (59 साल) निवासी ग्राम रवेली थाना पाटन ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 20 जून को आरोपी (निगरानी बदमाश) संजू वैष्णव प्रार्थी के घर ग्राम रवेली आकर प्रार्थी के लड़के ओमप्रकाश यादव जो केन्द्रीय जेल दुर्ग में निरुद्ध है उसकी जमानत कराना है।पैसा पट्ठा के साथ जमानत कराने का झांसा देकर प्रार्थी के एक्टिवा को आरोपी संजू वैष्णव चलाते हुए दुर्ग ले गया नोटरी कार्यालय दुर्ग में स्टैण्ड में प्रार्थी से 1500 रुपए नगद, मोबाइल एवं एक्टिवा को लेकर भाग गया। रिपोर्ट पर



अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। मुखबीर से सूचना मिली कि आरोपी संजू वैष्णव ग्राम देमार रास्ता में घूम रहा है उसे घेराबंदी कर आरोपी संजू वैष्णव को पकड़ा गया पाटन टीआई ने बताया कि प्रकरण का आरोपी संजू वैष्णव थाना पाटन का निगरानी बदमाश है, जो केन्द्रीय जेल दुर्ग में सजा काट रहा है, और पेरोल पर अपने निवास स्थान ग्राम देवादा आया था जो तिथि पूर्ण होने उपरांत केन्द्रीय जेल वापस न जाकर घटना को अंजाम देकर भाग गया था।

## संदिग्ध अवस्था में महिला की लाश मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 14 जुलाई।** नंदिनी थाना अंतर्गत महिला की घर में संदिग्ध अवस्था में लाश मिलने से सनसनी फैल गई है सूचना पर पहुंची पुलिस को उसके सिर पर चोट का निशान और कान से खून बह रहा था इसके चलते पुलिस ने हत्या की आशंका जताते हुए जांच शुरू कर दी है नंदिनी थाना प्रभारी पारस ठाकुर ने बताया कि कुंवारिन बाई यादव पति विष्णु राम यादव (45 साल ) नंदिनी टाउनशिप स्थित भारतीय स्टेट बैंक के पीछे झोपड़ी में रहती थी हालांकि



वह मूलत ग्राम हरदी की रहने वाली थी लेकिन एक दशक से भी ज्यादा समय से नंदिनी टाउनशिप में अकेले रह रही थी घर में साफसफाई का काम कर जीवन यापन कर रही थी उसका पड़ोसी घर पहुंचा तो उसे मृत अवस्था में मिली इस पर उसने आसपास के लोगों को घटना की जानकारी देकर पुलिस को सूचना वी मौके पर दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अभिषेक झा, क्राइम डीएसपी अजय सिंह पहुंचे सभी एंगल से जांच करने की दृष्टिकोण से डॉग स्क्वाड, एफएसल सहित अन्य टीमों की मदद ली गई है ने बताया कि मामले में हत्या की आंशका के चलते आसपास के लोगों और उसके रिश्तेदार और पहचान वाले लोगों से पूछताछ की जा रही है।

**कार्यक्रम में कई वार्डों के लोग उपस्थित रहे**

# विधायक ने जनसुनवाई में दिए लोगों की समस्याओं के समाधान के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 14 जुलाई।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने विभिन्न वार्डों से आए सैकड़ों लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। जनसुनवाई के दौरान टाउनशिप क्षेत्र के सेक्टर-1, सेक्टर-2, सेक्टर-3, सेक्टर-4 सहित कई अन्य वार्डों के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को सामने रखा।

वर्तमान में हो रही लगातार बारिश के कारण नागरिकों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों ने शिकायत की कि बारिश का पानी उनके घरों और गलियों में भर रहा है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं कई



वार्डों के लोगों ने नलों में गंदा और दूषित पानी आने की समस्या भी बताई, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में नागरिकों ने बिजली, नाली निर्माण, राशन कार्ड, पेयजल व्यवस्था, पेंशन और अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं भी रखीं। विधायक देवेंद्र यादव ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और तत्काल संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन कर समाधान के निर्देश दिए। विधायक यादव ने कहा कि बीएसपी टाउनशिप क्षेत्र में जलभराव की विकराल स्थिति के लिए बीएसपी प्रबंधन की लापरवाही जिम्मेदार है। बारिश के पूर्व नालों की समुचित सफाई नहीं की गई, जिसके चलते पानी की निकासी नहीं हो पा रही है और लोगों के घरों में पानी भर रहा है। इस संबंध में उन्होंने बीएसपी प्रबंधन को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि नालों की जल्द से जल्द सफाई कराई जाए और स्थायी समाधान की दिशा में कार्य किया जाए। विधायक ने भरोसा दिलाया कि सभी समस्याओं का यथाशीघ्र निराकरण कराया जाएगा ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## समाचार संक्षेप

### श्रावण के प्रथम सोमवार को भगवान शंकर को पूजने मंदिरों में लगी कतार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 14 जुलाई।** श्रावण के प्रथम सोमवार को आज सुबह से मंदिरों में शिव-भक्तों की कतार लग गयी, जहाँ शिवलिंग पर दुग्ध एवं जल चढ़ाकर भगवान शंकर की पूजा-पाठ कर अभिषेक किया गया। खासकर महिलाओं एवं युवा वर्ग के लोगों का भोले बाबा के दुग्धाभिषेक के लिए तांता लगा रहा।

पुजारी ज्योतिषियों का कहना है कि इस दिन शिव भगवान को पूजने एवं उनके अभिषेक से भक्तजनों को रोग, दोष और तनाव के साथ ही कर्ज आदि से मुक्ति मिलती है और लोगों के जीवन में सुख-शांति बनी रहती है।

इसे देखते हुए आज श्रावण के प्रथम सोमवार को प्रातःकाल स्नान-ध्यान करके भक्तों ने स्वच्छ वस्त्र धारण कर मंदिरों की ओर रुख



किया और शिवलिंग की पूजा-आरती कर अभिषेक का पुण्य कार्य संपन्न किया। मंदिरों के साथ ही अनेक भक्तों ने घर पर ही शिवलिंग की स्थापना की और श्रद्धा-नियम के साथ पूजा-पाठ संपन्न किया। शिवलिंग का अभिषेक जल, दूध, दही, शहद, घी और गंगाजल से किया गया। साथ ही बेलपत्र, श्वेत पुष्प, धतूरा, आक, अक्षत और भस्म अर्पित किया गया। भगवान शिव को श्वेत मिष्ठान्न के भोग भी लगाए गए।

### हरियाली बढ़ाने निगम आयुक्त ने छावनी क्षेत्र में किया पौधरोपण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 14 जुलाई।** आयुक्त राजीव कुमार पांडेय एवं मोहल्ले वासियों द्वारा जोन 4 छावनी क्षेत्र अंतर्गत आईटीआई के समीप पौधारोपण किया गया। खुर्सीपार, छावनी क्षेत्र में हरियाली को बढ़ाने के उद्देश्य से नगर निगम भिलाई एवं परमार्थी जीवनोदक संस्था द्वारा संयुक्त प्रयास किया जा रहा है। पौधारोपण कार्यक्रम में मोहल्ले वासियों का विशेष योगदान रहा, बच्चों एवं युवाओं द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। साथ ही पौधा सुरक्षित रखते हुए बड़ा करने का संकल्प लिया गया। वृक्षारोपण के दौरान वार्ड पार्षद गिरिजा बंछोर, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, वृक्ष मित्र मुकेश पांडेय, भूतपूर्व सैनिक शैलेंद्र गुप्ता एवं मोहल्ले के वरिष्ठ नागरिक एवं बच्चे उपस्थित रहे। छावनी मुक्तिधाम तालाब उद्यान का निरीक्षण कर ग्रास कटिंग एवं पौधारोपण हेतु उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किए। आयुक्त द्वारा शासकीय योजनाओं के उपयोग हेतु सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू के साथ निगम स्वामित्व के भूमि का निरीक्षण किया गया। वार्ड 44 लक्ष्मीनारायण वार्ड पूर्व में संचालित देशी मदिरा दुकान विवादित काबिज भूमि, वार्ड 51 शहीद वीर नारायण सिंह नगर मेसर्स स्टील ट्रेडिंग कंपनी (धर्म कांटा) भूमि जी ई रोड, आईएमआई हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया है।

### नेऊरगांव खुर्द में 'युवा विचार भोज' का आपसी सहयोग से हुआ आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 14 जुलाई।** ग्राम नेऊरगांव खुर्द में रविवार को आयोजित 'युवा विचार भोज' कार्यक्रम ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि जब गांव के युवा जागरूक होते हैं, तो विकास की नई राहें खुलती हैं। युवा मुठ्ठी' संगठन के नेतृत्व में आयोजित इस आयोजन ने सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना और ग्राम विकास को लेकर सकारात्मक माहौल निर्मित किया।

इस आयोजन में 100 से अधिक युवाओं, ग्राम सरपंच श्री नेमसिंह धुर्वे, उपसरपंच श्री कुलदीप चंद्रवंशी, वरिष्ठजनों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर इसे सफल और सार्थक बनाया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक चर्चा सत्र से हुई, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, जल संरक्षण, नशा मुक्ति और सांस्कृतिक संरक्षण जैसे मुद्दों पर खुले विचार रखे गए। युवाओं और बुजुर्गों ने मिलकर गांव की वर्तमान स्थिति और भविष्य की दिशा पर समर्पित संवाद किया।

इसके बाद शुद्ध सात्विक भोज का आयोजन हुआ, जिसे युवाओं ने आपसी सहयोग से तैयार किया। यह भोज सिर्फ भोजन नहीं, बल्कि सहभागिता और संस्कृति का प्रतीक बन गया।भोजन से पूर्व युवाओं ने गांव के लिए एकजुट होकर कार्य करने की शपथ ली, जो कार्यक्रम का सबसे प्रेरक क्षण रहा।यह आयोजन लगातार दूसरे वर्ष सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, और अब यह नेऊरगांव खुर्द के साथ-साथ आस-पास के गांवों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन रहा है।युवा विचार भोज' इस बात का प्रमाण है कि जब युवा सोचते हैं, जुड़ते हैं और कार्य करते हैं, तो गांव का भविष्य सुनहरा और सुरक्षित होता है।

## संपादकीय

### जनता पर बोझ तो बढ़ता है

बिजली जनता की जरूरी आवश्यकता है,बहुत सारे काम बिजली के बिना नहीं होते हैं। जनता चाहती है कि सस्ती बिजली मिले, सस्ती न मिले तो कम से कम उसकी कीमत स्थिर तो रहे। ताकि हर साल जनता का बिजली का बजट न बढ़े या बढ़े तो ज्यादा न बढ़े। आम तौर होता यह है कि जब भी बिजली विभाग का घाटा बढ़ जाता है तो वह इस घाटे का पैसा जनता की जेब से ही निकाल लेता है। जनता से कहा जाता है कि बिजली का पैसा कुछ पैसे ही तो बढ़ा है। यह उसके लिए आसान होता है इसलिए वह हमेशा ऐसा ही करता है,कोई भी सरकार हो वह उसे ऐसा करने देती है। कोई भी सरकार हो वह उसे अपने घाटे को समाप्त करने का कम करने के लिए नहीं कहती है यदि बिजली कंपनी भ्रष्टाचार,लापरवाही, कुप्रबंधन, बिजली उत्पादन से वितरण तक होने वाले नुकसान को कम करे तो उसे घाटा कम हो सकता है,सरकारी विभाग भी बिजली का पैसा व योजनाओं में मुफ्त दी जाने वाली बिजली का पैसा बिजली विभाग को समय पर दें तो भी बिजली विभाग का घाटा कम हो सकता है लेकिन कोई भी सरकार हो इस पैसे को समय पर नहीं देती है, इसलिए बिजली विभाग के घाटे के लिए सरकार भी दोषी मानी जाती है। बिजली दर बढ़ने पर जो दल विपक्ष में होता है उसे जनता की बड़ी चिंता होती है कि सरकार जनता के साथ अन्याय कर रही है। जबकि वही राजनीतिक दल सत्ता में होता है तो वह भी बिजली विभाग के अपना घाटा जनता से ही पूरा करने की छूट देता है। राज्य में 25 साल में शुरू में पंद्रह साल रमन सिंह की सरकार रही, उसके बाद पांच भूपेश बघेल की सरकार रही,वर्तमान में साय सरकार है। जहां तक बिजली दर का सवाल है तो आंकड़ों के मुताबिक बताया जाता है कि रमन सिंह के समय बिजली दर 3.30 पैसे थी तो साय सरकार के समय यह 7.20 हो गई है यानी दुगनी से ज्यादा हो गई है। जनता को रमन सरकार के समय जितना पैसा बिजली पर खर्च करना पड़ता था आज उससे दुगना पैसा खर्च करना पड़ रहा है। अच्छी बात यह है कि भूपेश सरकार केसमय का 400 यूनिट पर बिजली बिल हाफ योजना जारी है नहीं तो और ज्यादा पैसा बिजली पर खर्च करना पड़ता।

## राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन खास रहने वाला है। आज आपको परिवार के लोगों से सपोर्ट मिलेगा। माता-पिता के साथ किसी तीर्थस्थल पर जाने का योग बन रहा है। जो लोग टूर एंड ट्रेवलिंग का बिजनेस कर रहे हैं, उन्हें आज उम्मीद से अधिक फायदा होगा। आप कोई नया वाहन खरीदने के लिये जीवनसाथी से सलाह ले सकते हैं। बच्चों को आज अपने काम के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है। आज शॉपिंग के लिए घर से बाहर जाने से पहले सामानों की लिस्ट तैयार करके जाएं। आज सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी और आज अपना काम ध्यानपूर्वक करें।

वृष राशिः आज का दिन शानदार रहने वाला है। जो शिक्षक हैं, वो आज छात्रों को कुछ नया सिखायेंगे । घर में किसी दूर के रिश्तेदार के आने की संभावना बन रही है। आज शाम का समय परिवार के साथ बीतेगा। परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। वहीं जो लोग स्वीट्स का बिजनेस कर रहे हैं, उनको अच्छा मुनाफा होगा। बड़े भाई के सहयोग से घर के लिये टी.वी या कोई इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीद सकते हैं। दाम्पत्य जीवन में आपसी सहयोग से सब अच्छा बना रहेगा। समस्याओं का समझ - बुझ से मुक़ाबला करने की क्षमता आज आपको ख़ास पहचान दिलाएगी।

मिथुन राशिः आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको खुद पर ध्यान रखने की जरूरत है। आज आप अपनी जरूरत की चीजों को संभाल कर रखें , जिससे जरूरत पड़ने पर वो आसानी से मिल जाएं। ऑफिस जाते समय सामान और जरूरी पेपर को लेना न भूलें। आज आप भावनाओं को कंट्रोल में रखें , वरना आपके काम बिगड़ सकते हैं। आज बॉस आपके द्वारा किए गए काम की लिस्ट को चेक कर सकते हैं। अपनी फाइल को तैयार रखें। अगर आप साझेदारी में व्यापार करते है तो आज आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आज बच्चे घर पर खेल-कूद में समय बितायेंगे। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेंगे और कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी।

कर्क राशिः आज का दिन कुछ मिला- जुला रहने वाला है। आपका पूरा दिन भाग-दौड़ में बीतेगा। अगर आप किसी जरूरी काम के लिए जा रहें हैं तो पहले पेपरवर्क पूरा कर लें , जिससे बाद में कोई दिक्कत न आये 7 आज कोई नया काम शुरू करने की सोच रहे हैं तो बेहतर होगा कि बड़ों की सलाह लेकर ही शुरुआत करें, इससे काम सही और समय से पूरा होगा। दाम्पत्य रिश्ते आज पहले से बेहतर रहेंगे, जीवनसाथी की तरफ से आपको अच्छा गिफ्ट मिल सकता है। आज का दिन सोच – समझ के क़दम उठाने का है, इसलिए तब तक अपने विचार व्यक्त न करें जब तक आवश्यकता न हो।

सिंह राशिः आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज अपना कॉन्फिडेंस कम न होने दें, मन लगाकर काम करें। उचित मेहनत से आपके काम में आई रुकावट से भी पार पा लेंगे। जो लोग कहीं बाहर घूमने जा रहे हैं, उनका प्लान किसी कारणवश कैंसिल हो सकता है। कारोबार में पैसों का मामला कहीं उलझ सकता है इसलिए आज हर मामले पर आपको बारीकी से ध्यान देना होगा। शारीरिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा। आपका आकर्षक व्यक्तित्व सभी को अपनी तरफ़ खींचेगा।

कन्या राशिः आज का दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। बिजनेस में आप नया निवेश करने का विचार बना सकते हैं। आप अपनी रुटीन लाइफ में थोड़ा बदलाव कर सकते हैं। जहां जरूरत लगे, वहां समझौता करने के लिए तैयार रहेंगे, इससे आपको काफी फायदा भी होगा। आज किसी पुराने दोस्त से आपकी अचानक मुलाकात होगी, उनसे बिजनेस के लिये किसी तरह की मदद भी मिल सकती है। जीवनसाथी से किया हुआ कोई वायदा आज पूरा करेंगे। इससे रिश्तों में मिठास बढ़ेगी।

तुला राशिः आज का दिन ठीक रहने वाला है। काम को लेकर किसी तरह का डर मन में न रखें। आज ऑफिस में आपके कार्यों को लेकर सतर्क रहें। कुछ लोग आपके विरुद्ध प्लानिंग कर सकते हैं, आपको ऐसे लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। शारीरिक रूप से आपको थोड़ी थकावट महसूस होगी, आपके काम की गति कुछ धीमी हो सकती है। आज वाहन चलाते समय आपको थोड़ा ध्यान रखना चाहिए। इस राशि के जो लोग फ्रीलांस करते हैं, उन्हें उम्मीद से अधिक लाभ होगा। इस राशि की महिलाओं को आज जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है, जिससे आपका मन प्रसन्न हो जायेगा।

वृश्चिक राशिः आज का दिन उत्साह से भरा रहेगा। परिवार के किसी खास व्यक्ति के बारे में आपको कुछ रोचक बात पता चल सकती है। आज आप ज्यादातर काम आसानी से निपटाने में सफल रहेंगे। आपका आत्मविश्वास भी बढ़ा हुआ रहेगा। आज अपने पुराने कामों का फॉलोअप ले सकते हैं। अपनी प्रेजेंटेशन और प्लान किसी के सामने रखने से पहले एक बार चेक जरूर कर लें। किसी काम के लिये आपकी कोशिश सफल होंगी। छात्र कुछ नया सीखने के बारे में विचार करेंगे। संतान पक्ष से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी । आज आप दूसरों को अपनी बातों से खुद ओर आकर्षित कर लेंगे।

धनु राशिः आज का दिन खुशियां लेकर आया है। आज आपकी सोच और प्लानिंग स्पष्ट रहेगी। आपकी कल्पना शक्ति का विस्तार होगा। आज कार्यक्षेत्र में आपको कुछ अलग तरह के अनुभव हो सकते हैं। अधिकारियों से अपनी बात कहने के लिए आज का दिन अच्छा है। परिवारिक मामलों में कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। जो लोग बिजनेसमैन है, उनकी किसी दूसरी बड़ी कंपनी से डील साइन हो सकती है, बिजनेस में अच्छे मुनाफे का योग बन रहा है। इस राशि के छात्रों को आज प्रतियोगी परीक्षा से संबंधी कोई शुभ समाचार मिलने वाला है, जिसे सुनकर घर वालों के चेहरे खिल उठेंगे।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। इस राशि के जो लोग लेखन के क्षेत्र में आगे जाना चाहते हैं उनके लिए आज अपनी प्रतिभा को निखारने का दिन है। आज किसी से बेवजह की बातें न करें, जितना हो सके इन सबसे से दूर रहें। अगर आप खुद की कोई फर्म खोलना चाहते हैं, तो आपको अपने बड़े भाई से सहयोग मिल सकता है। आज किसी अच्छी कम्पनी से इंटरव्यू के लिये आपके पास कॉल आ सकता है, आपको अपनी मेहनत से सफलता जरूर मिलेगी। आज नौकरी तथा व्यवसाय में किसी भी प्रकार की लापरवाही न रखें दूसरों के भरोसे काम नहीं छोड़ें नहीं तो देर हो सकती है।

कुंभ राशिः आज खुशियां खुद चलकर आपके सामने आयेंगी। आपकी इनकम बढ़ने के योग बन रहे हैं। आपको किसी नये बिजनेस में साझेदारी का प्रस्ताव मिल सकता है। इसका आपको आने वाले दिनों में काफी फायदा होगा। अगर आप कुछ दिनों से किसी बात को लेकर परेशान चल रहे थे, तो मित्रों के साथ साझा करने से आपको राहत मिलेगी। अगर आप आईटी फिल्ड से जुड़े हैं, तो महत्वपूर्ण लोगों से आपके कॉन्टैक्ट के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के साथ पहले बिताए गए समय को याद करके आनंद की अनुभूति करेंगे। आपका किसी बिजनेस मीटिंग में परफॉर्मेंस अच्छा रहेगा और आसपास के लोग आपसे प्रभावित होंगे जिससे आपको बहुत बड़ा फायदा भी होगा।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज बिजनेस में नए एग्रीमेंट होने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में आप जो काम करेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी । कई दिनों से घर में चल रही समस्या आज सुलझ जाएगी। आप किसी पार्ट टाइम वर्क की शुरूआत कर सकते हैं, धैर्य और संयम बनाकर रखें। आज अपने बच्चों की पढ़ाई के लिये टीचर से सलाह लेंगे, आपको अपने किसी दोस्त का सहयोग भी मिल सकता है।

## चर्चित मुद्दा

# डिजिटल-क्रांति से ही नकली नोटों पर नियंत्रण संभव

**ललित गर्ग**






भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा हाल ही में जारी एक चौंकाने वाली रिपोर्ट ने न केवल अर्थव्यवस्था को, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और नागरिकों की जागरूकता को भी झकझोर कर रख दिया है। आरबीआई के गवर्नर द्वारा संसदीय समिति में प्रस्तुत एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024-25 में 500 रूपये के लगभग 1.8 लाख नोट नकली पाए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक हैं। यह संख्या किसी सामान्य अपराध की नहीं, बल्कि राष्ट्र के विरुद्ध एक षड्यंत्र की कहानी कहती है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं। विडंबना यह है कि राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा नोट में इस्तेमाल होने वाले आयातित कागज और नकली नोट छापने में शामिल ऑपरेटरों पर लगातार कार्रवाई के बावजूद यह गंभीर समस्या बनी हुई है। यह न केवल नकली मुद्रा के बढ़ते खतरे को रेखांकित करता है, बल्कि राष्ट्रविरोधी तंत्र की सुनियोजित साजिश का भी पर्दापाश करता है। जबकि 2016 में नोटबंदी के ऐतिहासिक निर्णय के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया था कि भ्रष्टाचार, कालेधन और नकली नोटों के खिलाफ लड़ाई उनकी प्राथमिकताओं में है। नोटबंदी केवल एक आर्थिक सुधार नहीं, बल्कि डिजिटल अर्थव्यवस्था की नींव रखने वाला साहसी एवं युगांतरकारी कदम था।

आज भारत को सिर्फ बाहरी सीमाओं पर नहीं, बल्कि आर्थिक मोर्चे पर भी एक युद्ध लड़ना पड़ रहा है, नकली मुद्रा के खिलाफ, भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ और राष्ट्रविरोधी मानसिकता के खिलाफ। इसमें विजय तभी संभव है, जब हम सब डिजिटल भारत के निर्माण में सहभागी बनें। नकली मुद्रा का मुद्दा केवल एक आर्थिक अपराध नहीं है। यह एक प्रकार का आर्थिक आतंकवाद है, जिसका उद्देश्य भारत की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करना, महंगाई को बढ़ाना, काले धन को बढ़ावा देना और आतंकवाद को वित्त पोषण देना है। ये नकली नोट अधिकतर सीमापार से संचालित तंत्रों द्वारा भारत में भेजे जाते हैं, जो भारत की राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक विकास और आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। इस तरह राष्ट्र के विरुद्ध षड़यंत्र, साजिश एवं बड़े खतरों को अंजाम दिया जा रहा है। क्योंकि नकली नोट बाज़ार में असली नोटों के साथ मिलकर मुद्रा व्यवस्था को प्रभावित करते हैं। आम नागरिक अनजाने में इन्हें ले लेता है और आर्थिक नुकसान उठाता है। यह काले धन और आतंकवाद को पोषित करता है। नकली नोट सरकारी योजनाओं की निष्पक्षता और वितरण प्रणाली को भी प्रभावित करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की डिजिटल क्रांति न केवल नकली नोटों को नियंत्रित करने का बल्कि राष्ट्र-विरोधी तत्वों को नेस्तनाबूद करने का सशक्त माध्यम है। यह मोदी की दूरदृष्टि एवं नये भारत-विकसित भारत के विजन की विजय है, उनके ही विचारों में डिजिटल लेन-देन केवल तकनीक नहीं, यह राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। आज के भारत की अर्थव्यवस्था एक निर्णायक दौर से गुजर रही है। डिजिटल ग्राम योजना, ई-गवर्नेंस, डिजिटल साक्षरता अभियान यानी तकनीक को गाँव और गरीब तक पहुँचाने की पहल है। एक ओर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश डिजिटल इंडिया की ओर तेजी से बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर नकली नोटों की बाढ़ एक अदृश्य आतंकवाद बनकर देश की अर्थव्यवस्था, समाज और सुरक्षा को चुनौती दे रही है। निस्संदेह, हाल के वर्षों में, भारत ने नकली नोटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने व काले धन पर रोक के लिये डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिये अपनी स्थिति खासी मजबूत की है। सरकार की सोच है कि काले धन पर रोक लगाने के लिए नगद लेन-देन को हतोत्साहित किया जाए। इस संकट की घड़ी में डिजिटल लेन-देन एक बड़ी राहत और समाधान बनकर उभरा है। यूपीआई, भीम मोबाइल वॉलेट्स, नेट बैंकिंग और कार्ड पेमेंट्स जैसे साधन नकली नोटों की समस्या को जड़ से समाप्त करने में सहायक हो सकते हैं। डिजिटल लेन-देन के लाभ ही लाभ है, पूर्ण पारदर्शिता यानी हर लेन-देन का डिजिटल रिकॉर्ड होता है, जिससे भ्रष्टाचार में कमी आती है। कर चोरी, हवाला, और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी काली प्रवृत्तियाँ समाप्त होती है। नकली मुद्रा की संभावनाओं पर विराम लगता है, जिससे राष्ट्र-विरोधी तत्वों के षड़यंत्र एवं साजिशें नाकाम होती है। लेन-देन सेकंडों में पूरा होता है और उनमें सरलता भी रहती है। पासवर्ड आधारित सुरक्षा व्यवस्था से लेन-देन सुरक्षित रहता है। सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ लाभार्थियों तक पहुंचता है, पैसा सीधे उनके खातों में पहुँचता है, बिचौलियों की भूमिका समाप्त होती है। जिससे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण होता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने हर मंच पर डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने की बात कही है। उन्होंने गाँव-गाँव जाकर लोगों को मोबाइल बैंकिंग, क्यूआर कोड, और कार्ड से भुगतान की शिक्षा देने की मुहिम चलाई है। इसका असर यह है कि आज भारत यूपीआई ट्रांजैक्शन में दुनिया में नंबर 1 है। डिजिटल इंडिया गरीब को ताकत देता है, मिडल क्लास को सुविधा देता है और राष्ट्र को मजबूती देता है। भारत की असली शक्ति अब डिजिटल प्रचलन बन रही है, जहाँ एक बटन से करोड़ों का ट्रांजैक्शन सुरक्षित होता है। मोदी की डिजिटल क्रांति ने भारत को इक्कीसवीं सदी की आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में मजबूत आधार दे दिया है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस डिजिटल युद्ध में सहभागी बनें, नकली नोटों को ना कहें, डिजिटल लेन-देन को अपनाएं। यही राष्ट्रभक्ति है, यही समय की माँग है। संदिग्ध नकदी की सूचना तुरंत संबंधित एजेंसियों को दें। नकली नोटों की पहचान करना सीखें और दूसरों को भी जागरूक करें। निश्चित ही जहाँ नकली नोट देश की आत्मा को खोखला करते हैं, वहीं डिजिटल मुद्रा राष्ट्र की नींव को मजबूत करती है। निस्संदेह, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने भारत के आर्थिक लेन-देन तंत्र में क्रांति ला दी है। भुगतान के तमाम विकल्पों ने भारतीय नागरिकों के आर्थिक व्यवहार को बहुत आसान बना दिया है। हालांकि, अभी भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो डिजिटल माध्यम से लेन-देन में परहेज करते हैं। निस्संदेह, नकदी पर उनकी निर्भरता का मूल कारण डिजिटल शिक्षा का अभाव ही है। साथ-ही-साथ डिजिटल भुगतान से जुड़े घपल्ले एवं घोटाले भी है। साथ ही इसके कारणों में भ्रष्टाचार और कर चोरी की नीयत भी शामिल है। ऐसे में सरकार को डिजिटल खाई को पाटने की दिशा में रचनात्मक पहल करनी चाहिए। वहीं दूसरी आर्थिक अनियमितताएं करने वाले तत्वों से भी सख्ती से निबटा जाना चाहिए। हालांकि, दो हजार के नोट अब प्रचलन से बाहर हो चुके हैं, लेकिन उनका कानूनी आधार बना हुआ है। इस दिशा में यथाशीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि नकली मुद्रा के पीछे कुछ संगठित राष्ट्रविरोधी शक्तियाँ सक्रिय हैं। पाकिस्तान स्थित आईएसआई और उसके सहयोगी संगठनों पर पहले भी ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि वे नकली भारतीय मुद्रा भारत में भेजकर आतंकवाद और अलगाववाद को आर्थिक समर्थन देते हैं। देश की सरकार ने डिजिटल इंडिया, जनधन योजना, आधार लिंकिंग, और यूपीआई जैसी क्रांतिकारी योजनाओं के ज़रिए नकदी पर निर्भरता घटाने का प्रयास किया है। लेकिन यह लड़ाई अकेली सरकार नहीं जीत सकती।

नकदी रहित अर्थव्यवस्था का सरकारी महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने के मार्ग में अभी तमाम बाधाएं विद्यमान है। यह और भी बड़ी चिंता की बात है कि नोटबंदी के आठ साल बाद भी रियल एस्टेट क्षेत्र में काले धन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल बना हुआ है। निस्संदेह, डिजिटल युग में भी 'नकदी ही राजा है' मानने वालों को रोकने के लिये जांच और कानूनों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। साथ ही इस दिशा में भी गंभीरता से विचार करना चाहिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश में लगी विदेशी ताकतों की नकली करेंसी के प्रसार में कितनी बड़ी भूमिका है। विगत में पाकिस्तान से ड्रग मनी व आतंकी संगठनों की मदद के लिये नकली करेंसी के उपयोग की खबरें सामने आती रही हैं।

## अमेरिकी साम्राज्यवाद के प्रबल विरोध का प्रतीक हैं आयतुल्लाह ख़ामनेई

**तनवीर जाफ़री**



पिछले दिनों ख़ासतौर पर मुहर्रम सम्बन्धी आयोजनों के दौरान भारत सहित दुनिया के और भी कई देशों में 86 वर्षीय ईरानी सुप्रीम लीडर व धार्मिक विद्वान आयतुल्लाह सैयद अली ख़ामनेई के पोस्टर लगाये गये। भारत में इस तरह के पोस्टर प्रायः श्रीनगर से लेकर लखनऊ,उन्नाव,बिजनौर,भोपाल व इंदौर जैसे और भी कई शहरों में लगाये गये। इनमें कई जगह तो पुलिस ने इन पोस्टर्स को उतरवा दिया और कई जगहों पर पुलिस ने पोस्टर लगाने वालों को ही समझा बुझा कर इन्हें सार्वजनिक स्थानों से हटाने हेतु प्रेरित किया। भोपाल व अन्य कई जगहों पर तो आयतुल्लाह ख़ामनेई के चित्र के साथ ही भारतीय तिरंगा भी लगाया गया था। बिजनौर में कुछ युवकों द्वारा आयतुल्लाह का पोस्टर फाड़ने की घटना के अतिरिक्त देश की आम जनता की ओर से इन चित्रों को लेकर कोई आपत्ति नहीं सुनाई दी। यहाँ तक कि अनेक जगहों पर शिया सुन्नी हिन्दू व सिख सभी समुदायों के लोग आयतुल्लाह सैयद अली ख़ामनेई के पोस्टर हाथों में लिये देखे गये। परन्तु मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष ने ज़रूर आयतुल्लाह का पोस्टर लगाने को देश विरोधी व राष्ट्रविरोधी बता डाला।

दरअसल ईरानी सुप्रीम लीडर व धार्मिक विद्वान आयतुल्लाह सैयद अली ख़ामनेई पिछले दिनों ईरान, इज़रायल के मध्य हुये 12-दिवसीय युद्ध के दौरान अमेरिकी साम्राज्यवाद का मुंह तोड़ जवाब देने की हिम्मत व क्षमता रखने वाले विश्व के इकलौते नेता के रूप में स्थापित हुये हैं। इस युद्ध में इज़रायल में लगभग 585 लोग मारे गए और 1,326 घायल हुए, जबकि ईरान में क़रीब 230 लोग मारे गए जिनमें अधिकांश आम नागरिक थे। युद्ध के नौवें दिन अमेरिका भी इस्राईल के समर्थन में युद्ध में कूदा और उसने "ऑपरेशन मिडनाइट हैमर" के तहत ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमले किए। इसके जवाब में ईरान ने भी क़तर में अमेरिका के अल-उदीद सैन्य अड्डे पर 6 मिसाइलें दाग़ी। साथ ही यह धमकी भी दे डाली कि वह होर्मुज़ जलडमरू समुद्री मार्ग को बंद कर देगा। यह संक्षिप्त युद्ध कोई मामूली युद्ध नहीं था बल्कि यह मध्य पूर्व की भू-राजनीति में एक ऐसी महत्वपूर्ण घटना थी, जिसने निश्चित रूप से क्षेत्रीय और वैश्विक शक्ति संतुलन को प्रभावित कर दिया है । बेशक भारत जैसे कई देशों ने इस युद्ध के दौरान अपना रुख़ तटस्थ बनाए रखा परन्तु भारत में अमेरिकी साम्राज्यवाद व इस्राईली आतंक का विरोध करने वाला एक बड़ा वर्ग भावनात्मक रूप से ईरान व उसके बुलंद हौसलों के साथ जुड़ा हुआ था। ईरान द्वारा इस्राईल व अमेरिका से टकराने की सराहना इसलिये भी की जा रही है क्योंकि मुस्लिम जगत के 56 देशों के असहयोग व अनेक मुस्लिम देशों के अमेरिका व इस्राईल के समर्थन में खड़े होने के बावजूद ईरान ने इस्राईल व अमेरिका की किसी धमकी व हमलों की कोई परवाह किये बिना इनके हर हमलों का जवाब उसी तीव्रता से दिया। ऐसे में अमेरिका व इस्राईल विरोधी भावना रखने वालों का ईरान के पक्ष में खड़े होना स्वाभाविक है। वैसे भी भारत से ईरान के पुराने और गहरे सम्बन्ध रहे हैं। रहा सवाल आयतुल्लाह ख़ामनेई के चित्र को विदेशी नेता का चित्र बताकर इसका विरोध करना, तो यह तो केवल प्रेरणा हेतु व उनके समर्थन में पोस्टर मात्र लगाये गये थे। वह भी आयतुल्लाह ख़ामनेई के शिया समुदाय के सर्वोच्च धर्मगुरु होने के लिहाज़ से। परन्तु हमें यह भी नहीं भूलना चाहिये कि इसी देश में अनेक जगहों पर ट्रंप के चित्र लगाकर उनके चुनाव में विजयी होने की प्रार्थना करने हेतु लोग हवन पूजा भी कर चुके हैं। ट्रंप कौन से स्वदेशी नेता हैं ? अबकी बार ट्रंप सरकार के नारे लगवाना,यह राष्ट्रभक्ति की कौन से श्रेणी है ? हमारे ही देश में क्यूबा के महान क्रांतिकारी नेता अर्नेस्तो चे ग्वेरा को देश में एक वर्ग अपना आदर्श मानता है। उनके पोस्टर लगता है व उनके चित्र की टी शर्ट पहनता है। कारण सिर्फ़ एक है कि इसी महान साहसी युवक ने अमरीका के बढ़ते साम्राज्यवाद को 1950-60 के दशक में कड़ी चुनौती दी थी और उस दौरान अमरीका इसे अपना सबसे बड़ा दुश्मन समझता था। परन्तु आज अमेरिकी साम्राज्यवाद का विरोध करने वालों की नज़र में चे ग्वेरा एक महान क्रांतिकारी है। भारत में लेनिन व कार्ल मार्क्स के चित्र भी उनके समर्थक लगते रहते हैं। कई जगहों पर तो इनकी आदमक़द प्रतिमाएं भी लगी हुई हैं। दुनिया के अनेक देशों में यहां तक कि ब्रिटेन व अमेरिका जैसे देशों में भी महात्मा गांधी,बाबा साहब भीम राव अंबेडकर,पंडित जवाहर लाल नेहरू जैसे कई प्रतिष्ठित नेताओं के चित्रों का इस्तेमाल होता रहता है बल्कि कई जगह उनकी प्रतिमायें भी लगी हुई हैं। गाँधी के चित्र तो अक्सर आज भी दुनिया के अनेक देशों में शांति व अहिंसा सम्बन्धी प्रदर्शनों या मार्च में शांति व अहिंसा का सन्देश देने की ग़रज़ से प्रयोग किये जाते हैं। उस समय कहीं भी कोई ऐसी संकीर्ण आवाज़ नहीं उठाता कि यह नेता तो भारतीय है इनके चित्र यहाँ क्यों ? परन्तु भारत में कुछ लोगों द्वारा आयतुल्लाह सैयद अली ख़ामनेई के चित्र का विरोध करना ज़रूर इस बात को दर्शाता है कि जो वर्ग आयतुल्लाह सैयद अली ख़ामनेई के चित्र से नफ़रत करता है इसका सीधा मतलब है कि वह न केवल अमेरिकी साम्राज्यवाद का समर्थक है बल्कि वह ग़ज़ा में लगभग अस्सी हज़ार बेगुनाहों के हत्यारे इज़राईल व उसके नेता बेंजमिन नितिन याहू के साथ खड़ा है। याद रखना चाहिये कि अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने 21 नवंबर 2024 को इस्राईल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के विरुद्ध ग़ज़ा में युद्ध अपराध और मानवता के ख़िलाफ़ अपराधों के आरोप में गिरफ़्तारी वारंट जारी किया है। नेतन्याहू पर आम नागरिकों को निशाना बनाने , क्षेत्र में भुखमरी फैलाने , हत्या, उत्पीड़न और अमानवीय कृत्य के आरोप हैं जोकि केवल 8 अक्टूबर 2023 से 20 मई 2024 के बीच ग़ज़ा में इजरायली सैन्य कार्रवाइयों के दौरान अंजाम दिये गये हैं। जबकि 20 मई 2024 और इस वारंट के जारी होने के बाद नेतन्याहू की दमनात्मक कार्रवाइयों में और भी इज़ाफ़ा हुआ है। ब्रिटेन, कनाडा, नीदरलैंड, इटली, और अन्य यूरोपीय देश यह कह चुके हैं कि वे आईसीसी द्वारा जरी इस वारंट का पालन करेंगे। अतः 124 आईसीसी हस्ताक्षरकर्ता देशों में यात्रा करना नेतन्याहू के लिए जोखिम भरा हो सकता है। इन देशों में उन्हें गिरफ़्तार किया जा सकता है। ऐसे अपराधी व्यक्ति के समर्थन में खड़े होना व एक साहसी,निडर व अमेरिका के बजाय केवल 'सर्वशक्तमान ' ईश्वर की सत्ता पर विश्वास रखने वाले फ़क़ीर का विरोध करना चिंताजनक है। आयतुल्लाह खामेनेई को केवल शिया,मुसलमान या ईरानी नेता जैसे संकुचित नज़रिये से नहीं देखा जाना चाहिये बल्कि वे आज अमेरिकी साम्राज्यवाद के साथ साथ इस्राईली आतंकवाद के प्रबल विरोध का प्रतीक बन चुके हैं।

## ब्लो ड्रायर करते समय न करें ये गलतियां, बाल हो सकते हैं खराब

बालों को जल्दी सुखाने और स्टाइलिश बनाने के लिए ब्लो ड्रायर का इस्तेमाल करना एक बेहतरीन तरीका है। हालांकि, कई लोग इस प्रक्रिया में कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं, जिनसे उनके बाल कमजोर और खराब हो सकते हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी गलतियों के बारे में बताते हैं, जिनसे आपको बचना चाहिए ताकि आपके बाल स्वस्थ और चमकदार रहें। इन गलतियों को जानकर आप अपने बालों की देखभाल बेहतर तरीके से कर पाएंगे।

**गीले बालों को सीधे ब्लो ड्रायर करना**-गीले बालों को सीधे ब्लो ड्रायर करना एक बड़ी गलती हो सकती है। इससे आपके बाल कमजोर हो सकते हैं और टूटने की संभावना बढ़ जाती है। हमेशा सबसे पहले बालों को तौलिये से हल्का-सा सुखाएं, फिर उन्हें कंघी से सुलझाएं। इसके बाद ही ब्लो ड्रायर का इस्तेमाल करें। इससे आपके बाल स्वस्थ रहेंगे और उनकी चमक भी बनी रहेगी।

**हीट प्रोटेक्टेंट का इस्तेमाल न करना**-ब्लो ड्रायर की गर्म हवा से बालों को बचाने के लिए हीट प्रोटेक्टेंट का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी है। अगर आप इसे नहीं लगाते हैं तो ब्लो ड्रायर की गर्म हवा आपके बालों पर बुरा असर डाल सकती है। इससे आपके बाल रूखे और बेजान हो सकते हैं। यह उत्पाद आपके बालों को गर्म हवा से बचाता है और उन्हें नमी प्रदान करता है। इसलिए ब्लो ड्रायर करने से पहले इसे जरूर लगाएं।

**गलत ब्रश का चयन करना**-ब्लो ड्रायर करते समय सही ब्रश का चयन करना बहुत जरूरी है। अगर आप गलत ब्रश का इस्तेमाल करते हैं तो इससे आपके बाल उलझ सकते हैं या फिर उनका आकार बिगड़ सकता है। गोल ब्रश सबसे अच्छा विकल्प होता है क्योंकि यह आपके बालों को सही आकार देता है और उन्हें सुलझाने में मदद करता है। इसके अलावा आप अपनी जरूरत के हिसाब से अलग-अलग आकार और प्रकार के ब्रश का चयन कर सकते हैं।

## मेकअप करते समय ये गलतियां हो जाएं तो ऐसे करें ठीक

मेकअप करते समय छोटी-छोटी गलतियां होना आम है। हालांकि, कई बार ये गलतियां मेकअप को बिगाड़ देती हैं, खासकर अगर आप किसी खास मौके पर तैयार हो रही हों तो मेकअप में एक भी गड़बड़ी पूरा लुक बिगाड़ सकती है। ऐसे में आपको दोबारा मेकअप करने का वक्त भी नहीं मिलता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे मेकअप हैक्स बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप मेकअप से जुड़ी गलतियों को आसानी से ठीक कर सकते हैं।

**आईलाइनर फैले तो ये तरीका अपनाएं**-अगर आप आईलाइनर लगाते समय गलती से इसे फैला दें तो इसे ठीक करने के लिए रुई को मेकअप हटाने वाले लिक्विड में भिगोएं, फिर इसे फैले हुए आईलाइनर पर हल्के हाथों से लगाएं। इससे आईलाइनर का फैलाव आसानी से ठीक हो जाएगा। इसके बाद आप फिर से आईलाइनर लगा सकती हैं। ऐसे आपका आंखों का मेकअप पहले की तरह साफ और सही दिखेगा। यह तरीका आपके आंखों के चारों ओर के मेकअप को भी खराब होने से बचाएगा।

**ज्यादा कंसीलर लग जाए तो ऐसे करें ठीक**-कभी-कभी आंखों के नीचे कंसीलर लगाने पर यह ज्यादा लग जाता है, जिससे आंखें सूजी-सूजी लगने लगती हैं। इससे बचने के लिए अपनी उंगलियों या एक छोटे ब्रश का इस्तेमाल करके आंखों के नीचे लगे कंसीलर को हल्के हाथों से फैलाएं। इसके बाद आंखों के नीचे हल्का-सा पाउडर लगाएं। इससे आंखों का मेकअप सही दिखेगा। आप चाहें तो आंखों के नीचे हल्का-सा फाउंडेशन भी लगा सकते हैं।

**ब्लश का ज्यादा लगना**-अगर कभी आपका ब्लश ज्यादा लग जाए तो इससे आपका पूरा चेहरा गड़बड़ा सकता है। इससे बचने के लिए सबसे पहले अपने गालों पर लगे ब्लश को हल्के हाथों से टिश्यू से पोंछ लें। इसके बाद गालों पर थोड़ा-सा हल्का पाउडर लगाएं। इससे ब्लश का ज्यादा रंग छुप जाएगा और आपका चेहरा सही दिखेगा। यह तरीका आपके गालों को एक प्राकृतिक लुक भी देगा और ब्लश की चमक को कम करेगा।

**आइब्रो को ज्यादा भरने के बाद ऐसे करें ठीक**-अगर कभी आपकी आइब्रो ज्यादा भरी हुई लगें तो इसे ठीक करने के लिए अपनी उंगलियों से या एक साफ ब्रश से आइब्रो को हल्के हाथों से कंघी करें। इससे आइब्रो पहले की तरह सही दिखेंगी। इसके बाद आप आइब्रो के बीच के खाली हिस्से में हल्का-सा कंसीलर लगा सकती हैं। इससे आपकी आइब्रो एकदम सही दिखेंगी। यह तरीका आपके चेहरे को एक निखार देगा और आपके लुक को खास बनाएगा।

## सू-दोकू 106

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.105 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

**एक नजर**

## कलेक्टर ने किया पिथौरा धान संग्रहण केंद्र का औचक निरीक्षण

**महासमुंद, 14 जुलाई ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आज पिथौरा स्थित धान संग्रहण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धान के भंडारण, सुरक्षा, परिवहन और उठाव की स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए धान का शीघ्रता से उठाव सुनिश्चित किया जाए, जिससे धान की सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण रखरखाव किया जा सके। उन्होंने कहा कि धान भीगने या खराब होने की स्थिति में संभावित नुकसान को रोकना सुनिश्चित करें।

मौके पर डीएमओ श्री राठौर ने बताया कि यहां कुल 2 लाख 53 हजार क्विंटल धान का भंडारण किया गया है। जिसमें 50 हजार क्विंटल धान का डी.ओ. (डिलिवरी ऑर्डर) पहले ही कट चुका है, इस पर कलेक्टर ने संबंधित परिवहन एजेंसी और फूड विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस धान का तत्काल उठाव प्रारंभ किया जाए और परिवहन में किसी भी प्रकार की देरी न हो।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संग्रहण केंद्र तक पहुंचने वाले मार्ग की स्थिति देखते हुए कहा कि बरसात में कीचड़ और जलभराव से उठाव कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए सड़क की मरम्मत मुरूम या गिट्टी से शीघ्र की जाए। कलेक्टर ने गोदामों की साफ-सफाई, तिरपाल व्यवस्था, नमी नियंत्रण और सुरक्षा प्रबंधों का भी अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि केंद्र में कार्यरत सभी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाया जाए और उठाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखी जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक दिवस उठाव की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए और कार्य में लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पिथौरा श्री ओंकारेश्वर सिंह, खाद्य अधिकारी श्री अजय यादव, डीएमओ श्री राठौर एवं नान के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेंशन प्रकरणों की समीक्षा के लिए बैठक 15 को

**महासमुंद, 14 जुलाई ।** संचालक पेंशन एवं भविष्य निधि रायपुर द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से अवगत कराया गया कि छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग द्वारा लंबित पेंशन प्रकरणों एवं आपत्तियां वाले पेंशन प्रकरणों की निरंतर समीक्षा की जा रही है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यालय से संबंधित पेंशन प्रकरण जिसमे संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर द्वारा दस्तावेजों की कमियों के कारण (रेगुलर केस/रिवाइज्ड केस) आपत्ति लगाए गए है। उन प्रकरणों में नियमानुसार आपत्ति, दस्तावेजों की कमियों को पूर्ति कर प्रकरण पुनः प्रेषित करें। संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर द्वारा पेंशन भुगतान आदेश जारी किये जा चुके है किन्तु विभागीय जानकारी के अभाव में पेंशन प्रकरण कोषालय स्तर पर लंबित है उक्त प्रकरणों में जानकारी पूर्ण कर पेंशन प्रकरणों का निराकरण कराने के निर्देश दिए हैं। आगामी दो माहों में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण यथाशीघ्र तैयार कर शासन के मंशानुरूप संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर को प्रेषित किए जाने कहा गया है।समय सीमा बैठक में उक्त पेशन प्रकरणां की समीक्षा की जाएगी। इस हेतु समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी वस्तु स्थिति की जानकारी मंगलवार 15 जुलाई तक जिला कोषालय अधिकारी महासमुंद के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे। विभाग से संबंधित पेंशन प्रकरण / आपत्तिकृत पेंशन प्रकरण आभार पोर्टल पर प्रदर्शित है। आभार पोर्टल का अवलोकन कर नियमानुसार निराकरण की कार्यवाही करेंगें। निराकरण में किसी भी प्रकार की समस्या एवं दिक्कत होने की स्थिति में जिला कोषालय अधिकारी महासमुंद से सम्पर्क कर कर सकते है।

## किसानों की समृद्धि कांग्रेस को बर्दाश्त नहीं हो रही: भाजपा

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता, वरिष्ठ किसान नेता संदीप शर्मा ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज प्रेस कॉन्फ्रेंस में खाद-बीज नहीं मिलने का सफेद झूठ बोलकर प्रदेश के किसानों को बरगलाने और अराजकता फैलाने के अघोषित कांग्रेसी एजेंडे को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। शर्मा ने कहा कि प्रदेश में कहीं भी खाद-बीज के लिए किसानों को परेशान नहीं होने देने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश की भाजपा सरकार संकल्पित है।





# सावन के पहले सोमवार को शिवालय गूंजे हर-हर महादेव से

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 14 जुलाई ।** पवित्र श्रावण माह की पहली सोमवार होने से आज नगर के सभी शिवालयों में हर हर महादेव की गूंज सुनाई पड़ रही है। भक्त अल सुबह से ही शिवालयों में पहुंच जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से सुख शांति व समृद्धि का आर्शीवाद मांग रहे हैं। जिला मुख्यालय समेत आसपास के सभी शिवालयों में भोलेनाथ के दर्शन पूजन करने भक्तों की काफी भीड़ देखी जा रही है।

गौरतलब है कि इस वर्ष सावन मास 11 जुलाई से प्रारंभ हुआ है, इस श्रावण मास में 4 सोमवार पड़ेंगे आज 14 जुलाई को श्रावण मास का पहला सोमवार पड़ा है। आज पहले सावन सोमवार होने से नगर के सभी शिवालयों में भोलेनाथ के दर्शन पूजन के लिए सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। दंतेश्वरी मंदिर रोड स्थित दोनों शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालु भोलेनाथ को जलाभिषेक करने पहुंचे थे। माईजी मंदिर के पीछे स्थित भैरमदेव बाबा मंदिर में भी भक्तों की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। भक्त शिवालयों में पहुंच जलाभिषेक कर बेलपत्र, धतूरा एवं कनेर के फूल व पुष्प शिवलिंग में अर्पित कर भोलेनाथ से सुख समृद्धि का आर्शीवाद मांगते रहे।

श्रावण मास को लेकर शिव भक्तों में उत्साह का वातावरण है। शास्त्रों में सावन मास को भगवान शंकर के पूजा अर्चना के लिए श्रेष्ठ माना गया है। वैसे तो सावन मास में पूरे दिन भक्त भोलेनाथ की पूजा करते हैं, लेकिन श्रावण मास में पड़ने वाले प्रत्येक सोमवार का दिन शिवभक्तों के लिए विशेष महत्व होता है। ऐसी मान्यता है कि श्रावण मास महादेव भोलेनाथ का सबसे प्रिय मास होता है इस पवित्र मास में भगवान शिव की आराधना करने से भक्तों को पुण्य लाभ की प्राप्ति होती है तथा सारे दुख दर्द दूर हो जाते हैं, समृद्धि आती है। सच्चे मन से भोलेनाथ की पूजा करने व व्रत रखने से भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों को मनवांछित फल एवं वरदान देते हैं। सावन मास के प्रत्येक सोमवार को बड़ी तादात में महिलाएं व्रत रखती हैं। कुंवारी कन्याएं भी व्रत रखती हैं और सच्चे मन से आराधना कर शिवजी से अपने लिए अच्छा वर तथा अच्छा घर मिलने की कामना करती हैं।

# यहां नहीं है मुक्तिधाम,बारिश में टीन लगाकर किया जाता है संस्कार

**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां किसी ग्रामीण की मृत्यु होने पर मौसम तय करता है कि, उसका अंतिम संस्कार उसी दिन होगा या फिर दूसरे दिन होगा।आजादी के 70 वर्ष बाद जब पूरे देश में अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। वहीं इस गांव में मृत्यु के बाद सबसे दुखद बात यह है कि, हर बार कोई अलग प्रकार की व्यवस्था करके ही मृतक का अंतिम संस्कार होता है। जानकारी के अनुसार, मुक्तिधाम नही होने के कारण राधेश्याम साहू की मृत्यु होने पर दाह संस्कार दूसरे दिन करना पड़ा। यह पूरा मामला ग्राम पंचायत पूरा नाम के गांव का है।शमशान घाट में बरसात के समय टीन लेकर पहुंचते हैं ग्रामीणग्राम पंचायत पूरा में मुक्तिधाम नही होने के कारण वहां के ग्रामीण काफी परेशान हैं। यह परेशानी बरसात के दिनों में किसी की मृत्यु होने पर और भी ज्यादा बढ़ जाती है। बरसात के समय किसी की यदि मृत्यु हो जाए तो दाह संस्कार करने में ग्रामीणों को भारी मशक्कत करनी पड़ती है। श्मशान घाट में बरसात के समय दाह संस्कार करने के लिए टीन लेकर पहुंचते है। वहां शेड़ बनाते है और आस-पास में उस जगह पर पानी न पहुंचें इसकी व्यवस्था करते है। तब कहीं जाकर अंतिम संस्कार हो पाता है।

### 5 सालों से ग्रामीण कर रहे हैं शेड निर्माण की मांग

ग्रामीण पिछले पांच साल से वहां पर शेड़ निर्माण की मांग कर रहे है। परंतु इस पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। श्मशान घाट पहुंचने के लिए एक सड़क भी नही है। जिसके कारण भी ग्रामीणों को भारी असुविधा होती है। इस सड़क निर्माण के लिए पंचायत के द्वारा भी कई बार प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। लेकिन उस पर भी कोई कार्यवाही नही हो पाई है। वहीं कुछ दिनों पहलेग्राम पूरा की 65 वर्षीय राधेश्याम साहू की मृत्यु हो गई थी। लेकिन दिनभर बारिश हो रही थी और श्मशान घाट में कोई व्यवस्था नही थी। जिसके कारण 7 जुलाई को होने वाला डाह संस्कार बारिश थमने के बाद 8 जुलाई को करंडा पड़ा। परिजनों और ग्रामीणों ने श्मशान घाट में टीन के शेड़ की व्यवस्था की तब कहीं जाकर अंतिम संस्कार हो पाया।तखतपुर तहसीलदार पंकज सिंह और सीईओ सत्यव्रत तिवारी ने कहा है कि, पंचायत से जगह के लिए चर्चा की जाएगी और फिर मुक्तिधाम के लिए शेड़ निर्माण कराने के निर्देश दिए जाऐंगे। पूरा में मुक्तिधाम नही है जहां स्वीकृति और निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार कर उच्चाधिकारीयों को भेजा जाएगा।

## धनगोल के जंगल में फुटु तोड़ने गए ग्रामीण हुए आईईडी ब्लास्ट का शिकार



**भोपालपटनम, 14 जुलाई।** बीजापुर जिले के मद्देड थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अंगमपल्ली के आश्रित गांव धनगोल के जंगली पहाड़ी इलाके में रविवार शाम को नक्सलियों द्वारा बिछाए गए आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से तीन ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना उस समय हुई जब ग्रामीण जंगल में फुटु (वन उपज) संग्रहण के लिए गए हुए थे।घायलों की पहचान कोरसे संतोष, उम्र 24 वर्ष, पिता लक्ष्मैया,चिंडेम कन्हैया, उम्र 26 वर्ष, पिता किस्टैया,कुडेम कविता, उम्र 17 वर्ष, पिता नगैया के रूप में की गई हैग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार, तीनों धनगोल के जंगल में फुटु निकालने गए थे तभी विस्फोट हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह विस्फोट नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) के कारण हुआ।घटना की जानकारी मिलते ही गांव वालों ने घटना स्थल पहुंचे और घायलों को तत्काल मददेड स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल बीजापुर के लिए रेफर कर दिया गया।फिलहाल जिला अस्पताल में घायलों का इलाज जारी है,अस्पताल सूत्रों के अनुसार, तीनों घायल ग्रामीण खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

# कृषि चौपाल के आठवें एपिसोड में समेकित नाशीजीव प्रबंधन की विशेषज्ञों ने दी जानकारी

**सुकमा, 14 जुलाई ।** कृषि जगत में किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मंच बन चुका कृषि चौपाल अब ग्रामीण भारत में जागरूकता का प्रतीक बनता जा रहा है। इसी श्रृंखला का आठवां एपिसोड कृषि विज्ञान केंद्र, सुकमा में 12 जुलाई शनिवार को लाइव प्रसारण किया गया, कार्यक्रम का आयोजन कृषि मंत्रालय एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषदके सहयोग से किया गया, जिसे देशभर के हज़ारों किसानों ने डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से देखा। एपिसोड का उद्देश्य किसानों को आधुनिक, पर्यावरण अनुकूल और दीर्घकालिक कीट नियंत्रण उपायों के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए वैज्ञानिकों ने समेकित नाशीजीव प्रबंधन की अवधारणा को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने बताया कि प्ब्ड एक बहुआयामी पद्धति है जिसमें यांत्रिक, सांस्कृतिक, जैविक और रासायनिक नियंत्रण उपायों को मिलाकर उपयोग किया जाता है, जिससे नाशीजीवों पर प्रभावी नियंत्रण तो होता है, लेकिन पर्यावरण व पारिस्थितिकी संतुलन बना रहता है। हमारा उद्देश्य कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग को रोकते हुए फसल की गुणवत्ता और किसान की आय को सुरक्षित रखना है। प्ब्ड न केवल टिकाऊ खेती को बढ़ावा देता है, बल्कि मिट्टी और जल को भी प्रदूषित होने से बचाता है। वैज्ञानिक ने राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली (छ्टै) ऐप के बारे मै बताया की यह भारत सरकार के कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य कीट व रोगो की समय पर पहचान, खरपतवार की पहचान, फसल नुकसान की रोकथाम, रोग और कीट प्रसार की मैपिंग व किसानो को जागरूकता लाने मै मदद करता है।किसान-हित में उपयोगी सुझाव-एपिसोड में धान, गन्ना, कपास,मक्का, अरहर और सब्जियों की फसलों में आम तौर पर पाए जाने वाले कीटों जैसे कि सफेद मक्खी, तना छेदक, पत्ति मोड़क, थ्रिप्स, माहू और मिली बग पर नियंत्रण के उपाय बताए गए। विशेषज्ञों ने बताया कि कैसे किसान लाइट ट्रैप, फेरोमोन ट्रैप, पीले चिपचिपे कार्ड, नीम तेल, ट्राइकोग्रामा, ट्राइको काड जैसे जैव नियंत्रक और फसल चक्र जैसे उपायों पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र से वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री एच.एस तोमर, पौध रोग विशेषज्ञ श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप कीट वैज्ञानिक डॉ योगेश कुमार सिदार, मछली पालन विशेषज्ञ डॉ संजय सिंह राठौर व गुलशन सहित 22 किसान उपस्थित हुए। ।

### पशुओं को क्रूरता से वाहन में ले जा रहे तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अंवरी, 14 जुलाई।** थाना भखारा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग एक छोटा हाथी वाहन में अवैध रूप से गौवंश का परिवहन कर रहे हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी भखारा के नेतृत्व में टीम द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश दी गई, जहाँ वाहन क्रमांक ष्ठ्त-04 ह्नक-0446 में कुल 08 नग गौवंश- जिनमें 06 गाय, 01 छोटा बछड़ा एवं 01 बड़ा बछड़ा थे - को बिना चारा-पानी के, क्रूरता पूर्वक भूखे-प्यासे हालत में ठूंस-ठूंसकर परिवहन करते हुए पकड़ा गया। मौके पर वाहन चालक एवं साथियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नामआरोपियों का नाम ऋषि कुमार मारकण्डेय पिता नरेन्द्र मारकण्डेय उम्र 20 वर्ष, सभी निवासी ग्राम थुहा, थाना कुरूद, जिला धमतरी (छत्तीसगढ़) बताए।

## भारतीय वायुसेना में भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

**सुकमा, 14 जुलाई।** शिक्षित एवं पात्र युवाओं से भारतीय वायु सेना में अविवाहित पुरूष और महिला उम्मीदवारों से अग्निवीरवायु 02/2026 बैच के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। आवेदक इस भर्ती के लिए 31 जुलाई 2025 तक केवल ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। अभ्यर्थी द्वारा मैट्रिक कक्षा भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन या प्रदेश द्वारा विज्ञान विषय में गणित, भौतिकी न्यूनतम 50त्न अंको और अंग्रेजी में 50त्न के साथ उत्तीर्ण की होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी का जन्म 02 जुलाई 2005 और 02 जनवरी 2009 (दोनो तिथियों को मिलकर) के बीच जन्म हो। आवेदन प्रक्रिया उम्मीदवार को सलाह दी जाती है की ऑनलाईन आवेदन भरते समय सही विवरण भरें। उम्मीदवार द्वारा ऑनलाईन आवेदन में भरा गया विवरण अगर भर्ती के किसी भी चरण में गलत पाया जाता है, तो उनकी उम्मीदवार रद्द कर दी जाएगी। ऑनलाईन आवेदन-पत्र की छानबीन की जाएगी और इसे किसी भी समय अनुपयुक्त पाये जाने पर बिना कारण बताये रद्द किया जा सकता है।

# पुश्तैनी जमीन पर हक के लिए भूख हड़ताल पर बैठा परिवार

**गरियाबंद,14 जुलाई।** जिले के अमलीपदर तहसील अंतर्गत खरीपथरा गांव के रहने वाले मुरहा नागेश अपनी पुश्तैनी 7 एकड़ ज़मीन को वापस पाने की मांग को लेकर सोमवार सुबह से परिवार सहित गरियाबंद कलेक्टोरेट के सामने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए। मुरहा के साथ उसकी पत्नी और दो छोटे बेटे भी खाली बर्तन लेकर प्रदर्शन में शामिल हैं। बगल में लगाए बैनर में परिवार ने सामूहिक आत्मदाह की चेतावनी भी दी है।




48 वर्षीय मुरहा नागेश का आरोप है कि उनके पूर्वजों की 7 एकड़ कृषि भूमि पर गांव के कुछ दबंगों ने कब्जा कर लिया है। मुरहा का कहना है कि राजस्व विभाग की मिलीभगत से रिकॉर्ड में हेरफेर कर उक्त ज़मीन दूसरों के नाम चढ़ा दी गई। पिछले 5 वर्षों से यह मामला बंदोबस्त सुधार के तहत तहसील कार्यालय में लंबित था।

कुछ दिन पहले ही अमलीपदर तहसील से मुरहा के पक्ष में फैसला आया था, जिससे उन्हें थोड़ी राहत मिली। लेकिन मुरहा के अनुसार, तीन दिन के भीतर ही विरोधी पक्ष ने इस आदेश को मैनपुर एसडीएम कोर्ट में चुनौती दे दी। इसके बाद एसडीएम कार्यालय ने मुरहा को उसकी ज़मीन पर कृषि कार्य करने से रोक लगा दी है।मुरहा ने बताया कि बंदोबस्त सुधार के इस पूरे मामले में अब तक वह लगभग दो लाख रुपये रिश्वत में दे चुका है, जो उससे तीन बार में ली गई। पहली बार 1 लाख, फिर 60 हजार और अंत में 20 हजार, तब कहीं जाकर तहसील से फैसला आया। मुरहा का दावा है कि रिश्वत की रकम उसने कर्ज लेकर चुकाई है।मुरहा का कहना है कि न्याय पाने के लिए वह तहसील से लेकर कलेक्टोरेट तक चक्कर काट-काट कर थक चुका है, लेकिन अब तक हक नहीं मिला। उनका कहना है कि गांव के दबंगों द्वारा ज़मीन से बेदखल किए जाने के बाद उनका परिवार आर्थिक तंगी में जी रहा है और अब उनके पास कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा।इस पूरे मामले में मुरहा के रिश्तेदार ईश्वर नागेश ने भी दस्तावेज़ों में हेरफेर का आरोप लगाया है और कहा कि ज़मीन का रिकॉर्ड जानबूझकर गलत दिखाया गया है। अब देखना यह है कि भूख हड़ताल पर बैठे इस परिवार की आवाज़ शासन-प्रशासन तक कब पहुंचेगी और क्या उन्हें उनका हक मिल पाएगा या फिर ये मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

## हुक्का पी रहे 2 युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 14 जुलाई।** एक मकान में चोरी छुपे हुक्का पी रहे दो युवकों को मोहननगर पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हुक्का पॉट, पाइप, एल्युमीनियम फॉइल समेत करीब 6 हजार रुपए का प्रतिबंधित सामान बरामद किया। पुलिस दोनों के खिलाफ कोट्पा एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मोहन नगर पुलिस ने बताया कि शनिवार रात करीब 8.30 बजे मुखबीर से सूचना मिली कि दीपक नगर में विनीत सेठीया के मकान में कुछ लडके अवैध रूप से प्रतिबन्धित युक्त हुक्का पीने का सामान रखकर हुक्का पी रहे हैं। इस पर टीम को विनीत सेठीया के मकान में दबिश देने भेजा गया। मकान मे दो लडके हुक्का पीते हुए मिले पूछताछ में अपना नाम हर्ष जैन (28 साल ) निवासी महावीर कालोनी दुर्ग और खुशाल सरवैया (32 साल ) निवासी वार्ड 8 तकिया पारा दुर्ग बताया था।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने कांसाबेल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया

**जशपुरनगर, 14 जुलाई ।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांसाबेल का निरीक्षण किया और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री जी एस जात्रा को मरीजों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।मरीजों के खानपान के संबंध में चर्चा किए एवं मरीजों के अच्छे उपचार हेतु समस्त स्टाफ को निर्देशित किया गया मरीजों से मुलाकात किएउन्होंने डायलिसिस हेतु सीएमएचओ से चर्चा किए एवं जल्द से जल्द डायलिसिस मशीन सीएचसी कासाबेल में इंस्टॉल करने हेतु कहा गया ताकि क्षेत्र को लोगों को सुविधा मिल सके? और उन्हें दूर जाना ना पड़े। उन्होंने वार्ड के मरीजों से मुलाकात करके स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।

## अवैध प्लाटिंग पर जिला प्रशासन ने की कार्रवाई

**महासमुंद, 14 जुलाई ।** जिले में अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध सख्ती बरतते हुए जिला प्रशासन द्वारा आज दो स्थलों पर प्रभावी कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री विनय लंगेह के निर्देश तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बागबाहरा श्री उमेश साहू के मार्गदर्शन में नगर पालिका एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई बागबाहरा के लालपुर क्षेत्र में सोनदादर मार्ग के समीप एवं वार्ड क्रमांक 09, पिथौरा रोड के पास स्थित अवैध प्लाटिंग पर की गई। दोनों ही स्थानों पर बिना अनुमति के भूमि का अवैध रूप से विभाजन कर प्लाटिंग की जा रही थी, जो नियमों के स्पष्ट उल्लंघन की श्रेणी में आता है।कार्रवाई के दौरान तहसीलदार श्री नितिन ठाकुर, राजस्व निरीक्षक श्री बेहरा, पटवारी श्री रूपेश सिन्हा, उप अभियंता श्री शशि प्रताप सिंह तथा नगर पालिका के राजस्व अमले की उपस्थिति में अवैध प्लाटिंग पर मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया एवं कार्रवाई की गई।प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि जिले में अवैध प्लाटिंग करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की जमीन की खरीद-फरोख्त से पूर्व संबंधित विभाग से आवश्यक अनुमति एवं वैध दस्तावेजों की जानकारी अवश्य प्राप्त करें, ताकि किसी प्रकार की कानूनी जटिलता से बचा जा सके।



# दिसंबर तक सभी सड़कों को करें गड्ढामुक्त :अरुण साव

**रायपुर, 14 जुलाई।** उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव ने आज लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नवा रायपुर स्थित निर्माण भवन में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ बरसात में सड़कों और पुल-पुलियों की स्थिति तथा उनकी मरम्मत के लिए किए जा रहे कार्यों समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने परफॉर्मेंस गारंटी के तहत सड़कों की मरम्मत की भी जानकारी ली। बैठक में वर्षा ऋतु में अतिवृष्टि से मार्गों को अवरुद्ध होने से बचाने तथा अप्रिय घटनाओं को रोकने निगरानी एवं आवश्यक उपायों की कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री श्री साव के साथ लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, प्रमुख अभियंता श्री वी.के. भतपहरी, संयुक्त सचिव श्री एस.एन. श्रीवास्तव और सभी मुख्य अभियंता भी निर्माण भवन से बैठक में शामिल हुए। सभी संभागों और जिलों से अधीक्षण अभियंता तथा कार्यपालन अभियंता बैठक में वर्चुअली शामिल हुए।उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने समीक्षा बैठक में सभी मैदानी अधिकारियों को शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आदेश की अवहेलना करने वालों पर कोई कोताही नहीं बरती जाएगी, नियमानुसार उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। श्री साव ने राज्य में सड़कों और पुल-पुलियों के संधारण एवं मरम्मत के कार्यों पर नाराजगी जताते हुए सभी सड़कों व पुल-पुलियों को आगामी दिसम्बर माह तक गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों व पुल-पुलियों की नियमित निगरानी करते हुए यथाजरूरत इनकी तत्काल मरम्मत करने को कहा। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण और टिकाऊ मरम्मत पर जोर दिया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बैठक में अधिकारियों को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में प्रस्तावित कार्यों के शीघ्र डीपीआर भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त कार्यों को अविलंब प्रारंभ करने के निर्देश देते हुए कहा कि लोक निर्माण विभाग इस साल आठ हजार करोड़ रुपए से अधिक के काम करेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा पर किसी भी हालत में समझौता न करें। सभी काम निर्धारित मानकों के अनुरूप करना सुनिश्चित करें। निविदा की शर्तों के अनुसार ठेकेदारों से निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण काम करवाएं। एक-एक कार्यों पर नजर रखें और प्रगति की नियमित समीक्षा करें। उन्होंने नई सड़कों के निर्माण के लिए भू-अर्जन के कार्यों में भी तेजी लाने को कहा। साव ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को प्रशासनिक व तकनीकी दक्षता बढ़ाने तथा कार्यों की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास और निर्माण के कार्यों के लिए राशि की कोई कमी नहीं है। आप जितना बजट मांगेंगे, शासन उतनी राशि देगी। उन्होंने एक माह के भीतर राज्य के सभी पुलों का निरीक्षण कर मरम्मत और रखरखाव के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। श्री साव ने मैदानी अधिकारियों को अपने जिला प्रशासन के सहयोग से पुलों के आसपास अवैध खनिज उत्खनन (Mining) पर रोक के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिलोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने बैठक में बरसात के बाद शुरू होने वाले कार्यों के लिए पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आबंटित राशि का शत-प्रतिशत उपयोग करते हुए कहां पर किस प्रकार की मरम्मत करना है, इसे सावधानीपूर्वक तय करने को कहा। उन्होंने ज्यादा पुरानी सड़कों को रिनुअल प्लान (ऋठ्ठद्2इ्य क्चद्बठ्ठ) में लेने का सुझाव दिया। डॉ. सिंह ने सड़कों के निर्माण के दौरान सड़क सुरक्षा के मानकों को भी गंभीरता से अमल में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में सड़क सुरक्षा संबंधी कार्यों के लिए 60 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। उन्होंने इन कार्यों के लिए आगामी 15 अगस्त तक मंजूरी लेने के निर्देश दिए।



## एक नजर

### मंदिरों के आसपास गंदगी न हो:महापौर

**जगदलपुर, 14 जुलाई।** श्रावण मास के प्रारंभ होते ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ अधिक होती है। महापौर संजय पाण्डे ने महादेव घाट स्थित शंकर मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना की। एमआईसी सदस्य व स्थानीय पार्षद निर्मल पानीग्राही, सफाई विभाग के सभापति लक्ष्मण झा के साथ मिलकर मंदिर के आसपास सफाई के निर्देश सफाई दरोगा को दिए। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए भी महापौर ने संबंधित कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिया।संजय पाण्डे ने नगर निगम के सफाई कर्मचारियों से कहा मंदिरों के आसपास किसी प्रकार की गंदगी ना हो। कचरे का ढेर मंदिर के पास ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। सावन मास को देखते हुए शहर के सभी मंदिरों, शिवालयों और देवालयों के आसपास की साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश उन्होंने दिया। उन्होंने कहा कि श्रावण मास में पवित्र स्थानों के पास किसी भी प्रकार की गंदगी नहीं दिखनी चाहिए। सफाई दरोगा व मेट से उन्होंने कहा कि देवस्थानों के आसपास की व्यापक साफ सफाई प्रतिदिन होनी चाहिए। इस पवित्र महीने में सभी मंदिर, शिवालय और देवालय की सफाई कर उनको सुसज्जित भी किया जाएगा। जिससे कि सभी सनातनी इस माह को पूर्ण आस्था, पवित्रता और निष्ठापूर्वक मना सकें।

### विस्फोटक सामग्री को सुरक्षा बलों ने गश्त के दौरान किया बरामद

**सुकमा।** जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य में नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर दिनांक 11.07.2025 को सुकमा डीआरजी टीम एवम ङ्क्क्ष्४4 218 वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त पुलिस पार्टी नक्सल गस्त सर्चिंग हेतु थाना कोंटा अंतर्गत ग्राम पीलावाया के जंगल क्षेत्र में रवाना हुये थे कि अभियान के दौरान दिनांक 11.07.2025 को प्रातः लगभग 09ः00 बजे ग्राम पीलावाया के जंगल में नक्सलियों के द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से छुपाकर रखे ।भारी मात्रा में विस्फोटक सामाग्री,व अन्य नक्सली सामाग्रियां बरामद किया गया।

विदेश में छत्तीसगढ़ की बेटियां बढ़ाएंगी मान

# बीजापुर की चंद्रकला और जांजगीर-चांपा की शालू एशिया कप सॉफ्टबॉल चौंपियनशिप में



**रायपुर, 14 जुलाई ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार राज्य के युवाओं के लिए शिक्षा, रोजगार, खेल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विशेष अवसर उपलब्ध करा रही है। छत्तीसगढ़ की बेटियाँ आज खेल के मैदान से लेकर हर क्षेत्र में अपनी मेहनत, निष्ठा और जज्बे से नया इतिहास रच रही हैं। राज्य सरकार खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग और प्रोत्साहन देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बीजापुर जिले की धरती एक बार फिर खेल जगत में अपनी प्रतिभा का परचम लहराने जा रही है। जिले के आवापली गांव की होनहार खिलाड़ी चंद्रकला तेलम का चयन भारतीय सॉफ्टबॉल टीम में एशिया कप सॉफ्टबॉल चौंपियनशिप 2025 के लिए हुआ है। जो 14 से 20 जुलाई तक शियान, चीन में आयोजित होगी। चंद्रकला के साथ ही जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ की शालू डहरिया भी भारतीय टीम का हिस्सा होंगी, जो पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है।

खास बात यह है कि भारतीय टीम के कोच के रूप में बीजापुर जिले के श्रम निरीक्षक श्री सोपान कर्णेवार की नियुक्ति हुई है। इससे पहले भी श्री कर्णेवार के कोचिंग में जिले के अनेक खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं। भारतीय टीम का गठन कई कठिन चयन परीक्षाओं के बाद हुआ है। चंद्रकला तेलम को अनंतपुर (आंध्र प्रदेश), नागपुर, श्रीनगर एवं इंदौर में आयोजित चयन परीक्षण और विशेष कोचिंग कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चुना गया है। भारतीय दल को नई दिल्ली में अंतिम प्रशिक्षण के बाद 13 जुलाई को शियान, चीन के लिए रवाना किया जाएगा। बीजापुर और जांजगीर-चांपा जिले के कलेक्टर ने भी टीम को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। गौरतलब है कि इस टूर्नामेंट की विजेता एवं उपविजेता टीम को वर्ल्ड कप सॉफ्टबॉल चौंपियनशिप में भाग लेने का अवसर मिलेगा।चंद्रकला और शालू डहरिया की यह उपलब्धि जिले की अन्य बेटियों को भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

# बालोद जिले में 2 लाख पौधे लगाने की तैयारी

**बालोद, 14 जुलाई।** जिले में आगामी 20 जुलाई को एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत 2 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की मौजूदगी में हरियाली और बेहतर पर्यावरण के लिए कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है. इसके तहत जिला संयुक्त कार्यालय के आस-पास और सभी ब्लॉक मुख्यालयों में इस वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा। जिसकी तैयारी युद्धस्तर पर की जा रही है। कलेक्ट्रेट के आस-पास जिला स्तरीय वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में इस सघन वृक्षारोपण का शुभारंभ जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा करेंगे।

कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर द्वारा लगातार ब्लॉक मुख्यालयों में बैठक लेकर सघन वृक्षारोपण अभियान के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित कर आवश्यक जानकारी दी जा रही है। पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा पौधरोपण हेतु गड्ढा खोदकर रखने के निर्देश दिए गए है। सरपंच, सचिवों को पौधरोपण हेतु स्थल चयन का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं रोपित पौधों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखने को कहा गया है। इसके लिए एडीएम द्वारा जन सहभागिता को बढ़ाने की बात कही गई हैं।

डीएफओ अभिषेक अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि, दो लाख वृक्षारोपण का लक्ष्य कलेक्टर से मिला है। तैयारी का रिव्यू किया गया हैं। पर्याप्त मात्रा में पौधे उपलब्ध हैं। जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलेक्ट्रेट परिसर के आस-पास के क्षेत्र में तथा सभी ब्लॉक मुख्यालयों में व स्थानीय लोगो से संपर्क कर वृक्षारोपण करेंगे।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा जिले में करीबन साढ़े 3 घंटे से अधिक समय तक मौजूद रहेंगे। इस दौरान वे डौंडीलोहारा के जामडी पाटेश्वर धाम पहुंच कर निर्माणाधीन कौशल्या धाम मंदिर का दर्शन करेंगे। जिसके बाद जिला स्तरीय आयोजित सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम में शरीक होंगे और एक पेड़ माँ के नाम पर वृक्षारोपण का शुभारंभ करेंगे।

### विधायक ने हास्टल का किया निरीक्षण

**जगदलपुर।** बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने किया नवनिर्मित पोस्ट मेट्रिक छात्रावास का निरीक्षण - लोकार्पण से पहले ही उजागर हुईं निर्माण में खामियाँ, ठेकेदार और इंजीनियर पर जताई नाराजगीबस्तर जिले में नवनिर्मित 50 सीटर पोस्ट मेट्रिक छात्रावास का लोकार्पण होने से पहले ही उसकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल ने छात्रावास का निरीक्षण कर निर्माण में गंभीर अनियमितताएँ पाईं निरीक्षण के दौरान भवन की दीवारों पर बड़ी-बड़ी दरारें देख विधायक ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

# पत्नी का इलाज कराने पहुंचे शख्स ने डॉक्टर से ही ठग लिए एक करोड़ रुपए

**कांकेर, 14 जुलाई।** पत्नी का इलाज करवाने पहुंचे शख्स ने डॉक्टर से ही एक करोड़ ठग लिए. रकम दोगुना करने का झांसा देकर उसने 2018 से 2024 के बीच कुल 6 सालों में एक करोड़ रुपए ऐंठे. किस्तों में दी जाने वाली निवेश की रकम 2 लाख रुपए बढ़कर 10 लाख तक पहुंच गई. डॉक्टर को इस बीच जरा भी भनक नहीं लगी कि उनसे ठगी हो रही है. इस साल जब रकम लौटाने की बात कही, तो व्यक्ति आना-कानी करने लगा. इसके बाद पीड़ित की बेटी ने कांकेर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई. मामले में एक आरोपी को गिरतार कर लिया गया है. मास्टर माइंड अब भी फरार है.पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, अपर्णा रामटेके (26) आरईएस कॉलोनी में रहती हैं. उन्होंने बताया कि उनके पिता देवेंद्र रामटेके की शहर के एक मेडिकल कॉपलेक्स में क्लीनिक है. संजय नगर में रहने वाला आलीम खान 2017 में अपनी पत्नी का इलाज कराने उनके पिता के पास आया था. यहीं से जान-पहचान शुरू हुई. 2018 के नवंबर में आलीम ने खुद को कोलकाता की एक कंपनी में काम करने वाला बताया. उनके पिता को रकम दोगुना करने का लालच दिया. आलीम ने पहले दो लाख रुपए लिए. फिर कहा कि पुरानी कंपनी डूब गई है. अब वह नई कंपनी से जुड़ा है. निवेश करने पर दोगुने पैसे दिलवा देगा. इसी भरोसे में देवेंद्र ने उसे 2019 के जनवरी से दिसंबर तक करीब 10 लाख नगद और ऑनलाइन दिए. 2020 में भी किस्तों में पैसे देते रहे. 2021 से 2024 तक लगातार पैसों की मांग होती रही. अपर्णा और उनके पिता ने आलीम को कुल 75 लाख रुपए ऑनलाइन व नगद दिए. इसके अलावा 2× लाख रुपए उसने आरोपी डीलक्स मरकाम के खाते में ट्रांसफर करवाए थे. कुल मिलाकर 1 करोड़ रुपए की ठगी कर ली गई.2-4 दिन में लौटाने की बात कहकर टालता रहापीड़ित परिवार ने जब पैसे वापस मांगे, तो आरोपी हर बार दो-चार दिन में मिल जाएगा कहकर टालता रहा. आखिरकार अपर्णा ने परेशान होकर इस साल 14 मई को कांकेर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई. पुलिस ने आरोपी आलीम के खिलाफ धारा 420 के तहत मामला दर्ज किया. कांकेर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की. आरोपी डीलक्स मरकाम आलीम के कहने पर पैसे अपने खाते में ले रहा था. वह भी फरार था. मुखबिर से पता चला कि डीलक्स कोंडागांव में केशकाल थाना स्थित अपने गांव चिपरेल में छिपा है. इसके बाद कांकेर थाने से टीम रवाना की गई. आरोपी को रविवार को उसके घर से गिरतार किया गया.

ट्रांजेक्शन के सबूत मिले, न्यायालय में पेश किया-गिरतारी के वक्त आरोपी से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन में इस्तेमाल किए गए मोबाइल को जब्त किया गया है. आरोपी डीलक्स की उम्र ×5 वर्ष है. चिपरेल गांव में आवासपारा का रहने वाला है. पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया है. वहीं मुय आरोपी आलीम खान अब भी फरार है. उसकी तलाश जारी है. कार्रवाई में कांकेर टीआई मनीष नागर, एएसआई भुनेश्वरी भगत, कॉन्स्टेबल ओमकार, वयंत सरोज, महिला कॉन्स्टेबल सविता नाग और पेट्रोलिंग टीम की भूमिका रही. पुलिस का कहना है कि मुय आरोपी आलीम को भी जल्द गिरतार कर लिया जाएगा.

# 2 बच्चों की मां ने पति को लगाया ठिकाने,बारिश ने खोल दिए सारे राज

**कोण्डागांव, 14 जुलाई।** आरोपियों ने धर्मवीर की पहचान छिपाने के लिए शव को जलाने की कोशिश की, लेकिन बारिश के कारण शव पूरी तरह नहीं जल सका। पुलिस ने शव के कपड़ों की तलाशी में एक जली हुई पीली रंग की एंटी-रैबिस अस्पताल पर्ची बरामद की, जिसमें मृतक का नाम था. मृतक के पास मिले एंटी-रैबिस वैक्सीन शेड्यूल कार्ड के आधार पर तमिलनाडु के धरमपुरी अस्पताल से संपर्क किया गया।पुलिस ने इस हत्याकांड को अंजाम और प्लानिंग करने वाले रवनीना नागरची (मृतक की पत्नी) और इसके ब्वॉफ्रेंड विदेश मरकाम को गिरफ्तार किया. पूछताछ में पता चला है कि आरोपियां 2.5 माह की गर्भवती है और ये प्रेग्नेंसी उसे उसके ब्वॉयफ्रेंड से थी. उसके पति से उसके दो बच्चे है, जिसमें 5 साल की बेटी और 2.5 साल का बेटा शामिल है. वारदात को अंजाम देने के बाद पुलिस ने मृतक की पत्नी की मोबाइल डिटेल खंगाली तो पता चला कि वो अपने प्रेमी से रोजाना घंटों बाते करती थी और घटना के बाद आरोपी प्रेमी लगातार अपने मोबाइल नंबर बदलता रहा. अब कोंडागांव पुलिस ने दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजदिया है. सम्पूर्ण कार्यवाही में सायबर सेल से निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, उनि अमिताभ खण्डेकर, प्रआर. लूमन भण्डारी, अजय बघेल, रीतूराज सिंह, आरक्षक जितेन्द्र यादव, मनोज मरकाम, बीजू यादव, कृष्णा मरकाम अजय देवांगन, चंदन यादव, परमेश्वर साहू, संतोष कोडोपी, बीजू यादव, बिरझू सोरी, जितेन्द्र मरकाम, थाना माकड़ी से निरीक्षक विकास बघेल, सउनि गिरीश कतलम, सुमीत्रा सेठिया प्रआर दशरथ मकराम, मोनाराम मण्डावी आरक्षक धन्नूराम पटेल, सुखदेव कुंजाम, महिला आरक्षक सुगंतीन का अहम योगदान रहा।

### विज्ञान क्लब बड़ेमूरमा ने छग साइंस सेंटर रायपुर के स्थापना दिवस पर दी शुभकामनाएं

**जगदलपुर।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े मुरमा, विकासखंड जगदलपुर में एपीजे अब्दुल कलाम विज्ञान क्लब द्वारा विभिन्न विज्ञान गतिविधियों का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी श्री बलिराम बघेल तथा जिला मिशन समन्वयक श्री अखिलेश मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अवसर था छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर रायपुर के 13वें स्थापना दिवस का। इस उपलक्ष्य में विज्ञान क्लब की ओर से विज्ञान केंद्र रायपुर को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। विज्ञान केंद्र रायपुर में आयोजित ऑनलाइन व्याख्यान में डॉक्टर डीडी ओझा (पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक, भुज विभाग, जोधपुर, राजस्थान) मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित होंगे।

### धरती आबा अभियान से आदिवासी परिवारों को मिल रही योजनाओं की सौगात

**रायपुर, 14 जुलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में चलाए जा रहे धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति ग्रामों में शासन की योजनाओं का व्यापक क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस कड़ी में कोरिया जिले के सोनहत और बैकुंठपुर विकासखंड के इन गांवों में हजारों पात्र परिवारों को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, पेंशन, श्रम कार्ड, जॉब कार्ड और बीमा योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।जनपद पंचायत सोनहत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि विकासखंड में 2,626 लक्षित परिवारों और 9,320 जनसंख्या के लिए शासन की महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य जरूरी योजनाओं से फायदा पहुंचाने के लिए आवेदन लिया गया है।

# जिले के 14 शिक्षकविहीन स्कूलों को मिले शिक्षक, बच्चों को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

**नारायणपुर, 14 जुलाई ।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए लागू की गई युक्तियुक्तकरण नीति का सकारात्मक असर अब अबुझमाड़ जैसे दुर्गम क्षेत्रों में भी दिखाई देने लगा है। नारायणपुर और ओरछा विकासखंड के सुदूर और पहुँचविहीन गांवों में वर्षों से शिक्षकविहीन चल रहे विद्यालयों में अब योग्य शिक्षकों की नियुक्ति हो चुकी है। इससे इन क्षेत्रों में शिक्षा की तस्वीर तेजी से बदल रही है और विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा की सौगात मिल रही है।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश कुमार निषाद ने बताया कि जिले में कुल 132 शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया गया है। इसमें 1 व्याख्याता, 49 शिक्षक, 10 प्रधानपाठक और 72 सहायक शिक्षक शामिल हैं। जिले के 14 प्राथमिक शालाएं जो पूरी तरह शिक्षकविहीन थीं, अब उनमें शिक्षकों की नई पदस्थापना की गई है। साथ ही 108 एकल शिक्षक प्राथमिक शालाएं और 5 माध्यमिक शालाएं भी अब शिक्षकों की उपलब्धता से लाभान्वित हो चुकी हैं।

#### दूरस्थ इलाकों के स्कूलों को मिली नई ऊर्जा

ग्राम जड्डा, धोबिनपारा, ईकरभट्टी, मोहनार, कस्तुरमेटा, गट्टाकाल, हिरंगई, नेलांगुर, ताड़ोबेडा, पुसालामा और पदमेटा जैसे दुर्गम क्षेत्रों के स्कूलों में अब शिक्षक पदस्थ हो चुके हैं। साथ ही जबगुंडा, थुलथुली, रेकावाया, लंका, काकवाड़ा, पुंगारपाल, हितवाड़ा जैसे कई उच्च प्राथमिक विद्यालयों को भी युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत शिक्षक उपलब्ध कराए गए हैं।इससे इन स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियों को गति मिली है और बच्चों की उपस्थिति में सुधार देखा जा रहा है।

#### शिक्षकों और पालकों को मिली राहत

पूर्व में शिक्षकविहीन स्कूलों में अन्य विद्यालयों के शिक्षकों को अतिरिक्त भार लेकर पढ़ाना पड़ता था। इससे न केवल अध्यापन प्रभावित होता था, बल्कि पालक भी अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित रहते थे। अब नई पदस्थापना से शिक्षकों पर से बोझ कम हुआ है और पालकों में भी संतोष का वातावरण है।

#### सशक्त हो रही है शिक्षा व्यवस्था

शासन की युक्तियुक्तकरण नीति ने यह सिद्ध किया है कि सही योजना, निष्पक्ष क्रियान्वयन और दूरदर्शिता के साथ अगर काम किया जाए, तो सबसे कठिन क्षेत्रों में भी शिक्षा की रोशनी पहुँचाई जा सकती है। नारायणपुर जिले के उदाहरण से स्पष्ट है कि अब अबुझमाड़ जैसे चुनौतीपूर्ण इलाकों में भी शिक्षा के क्षेत्र में ठोस बदलाव संभव है।

# मानसिक स्वास्थ्य के लिए पहल कर 443 लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाया

बीजापुर, 13 जुलाई ।जिला बीजापुर के स्वास्थ्य विभाग द्वारा कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के दिशा निर्देश एवं सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.आर. पुजारी के नेतृत्व में डॉ रत्ना ठाकुर, सिविल सर्जन एवं श्री वरुण साहू, जिला कार्यक्रम प्रबंधक के सहयोग से तथा डॉ पी. विजय, जिला नोडल अधिकारी के नेतृत्व में संचालित मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत एक व्यापक और संवेदनशील जागरूकता अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आत्महत्या की प्रवृत्ति को रोकना, मानसिक रोगों से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें समय पर परामर्श और चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करना।इस मानसिक स्वास्थ्य पहल के तहत जिला बीजापुर ने न केवल 443 जिंदगियों को बेहतर बनाया बल्कि उन्हें नई आशा और आत्मविश्वास से भी भर दिया। मानसिक स्वास्थ्य केवल एक चिकित्सा सेवा नहीं है, बल्कि यह हर व्यक्ति की गरिमा और खुशहाल जीवन की कुंजी है, और इस कार्यक्रम ने यही सच्चाई साबित की हैइस पहल के अंतर्गत विशेषज्ञ डॉक्टरों और समर्पित मानसिक स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने गंभीर अवसाद, चिंता विकार, तनाव और अन्य मानसिक चुनौतियों का सामना कर रहे रोगियों को परामर्श, उपचार और निरंतर समर्थन प्रदान किया जा रहा है। हर रोगी की आंखों में उम्मीद की चमक और चेहरे पर लौटती मुस्कान इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी सफलता है।

कार्यक्रम के दौरान निःशुल्क परामर्श, दवाइयाँ और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान कर यह सुनिश्चित किया गया कि किसी भी व्यक्ति को वित्तीय बाधाओं के कारण सहारा न खोना पड़े। अस्पताल प्रशासन ने विभिन्न जागरूकता अभियानों के माध्यम से यह संदेश फैलाया कि मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना शारीरिक स्वास्थ्य।इस अभियान के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। उनके योगदान को निम्नलिखित बिंदुओं में विस्तार से प्रस्तुत किया गया हैः-'समुदाय-आधारित जागरूकता कार्यक्रमः- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के माध्यम से गाँवों और दूरदराज के क्षेत्रों में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, लक्षणों की पहचान, और उपचार के तरीकों पर जानकारी दी जा रही है। 'प्रारंभिक जांच और परामर्श प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नियुक्त प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रारंभिक मानसिक स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान की। यह पहल उन रोगियों के लिए लाभकारी रही, जिन्हें समय पर विशेषज्ञों तक पहुँचने का अवसर नहीं मिलता।

**रेफरल प्रणाली का सुदृढ़ीकरणः-** गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रसित रोगियों को उच्च स्तर के चिकित्सा संस्थानों तक रेफर करने की एक प्रभावी प्रणाली विकसित की गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ने रेफरल के साथ निरंतर फॉलो-अप सेवाएँ भी सुनिश्चित कीं।

**स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षणः-** स्थानीय स्तर पर कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी प्राथमिक सहायता प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। इससे मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा और प्रभावशीलता दोनों बढ़े।

**मानसिक रूप से विकलांग बच्चों के लिए परामर्शः-** इस कार्यक्रम के अंतर्गत मानसिक रूप से विकलांग (मेन्टली डिसेबल्ड) बच्चों के लिए विशेष परामर्श सत्रों का भी आयोजन किया गया। इन सत्रों में विशेषज्ञ मनोवैज्ञानिकों और परामर्शदाताओं ने बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी आवश्यक जानकारी और समर्थन प्रदान किया। इससे बच्चों के समग्र विकास में सहायता मिली और परिवारों को उनकी देखभाल के बेहतर तरीके सीखने का अवसर प्राप्त हो रहा है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि 'मानसिक स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण विषय है जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। इस अभियान के माध्यम से हमने न केवल मरीजों की सहायता की बल्कि समाज में जागरूकता भी बढ़ाई जा रही है। हम आगे भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन निरन्तर करते रहेंगे। इस अभियान के सफल आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देकर हम एक स्वस्थ और जागरूक समाज का निर्माण कर सकते हैं। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी किसी भी सहायता के लिए निःशुल्क नेशनल हेल्पलाइन नंबर 14416 (NIMHANS) पर संपर्क करें। यह हेल्पलाइन अवसाद, मानसिक तनाव, और आत्महत्या रोकथाम पर परामर्श और सहायता प्रदान करती है।

# गश्त से लौट रहे जवानों पर नक्सली हमला,दो घायल



**बीजापुर,14 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में मंगलवार को गस्त पर निकले जवानों पर नक्सलियों ने हमला कर दिया। जवानों को निशाना बनाकर किये गए IED ब्लास्ट और गोलीबारी में CRPF के दो जवान घायल बताए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि, मंगलवार को बीजापुर जिले के आवापल्ली के मुर्दोण्डा इलाके में रोड ओपनिंग ड्यूटी पर जवान निकले थे। उनकी वापसी के दौरान नक्सलियों ने स्टेट हाइवे पर कैम्प के करीब हमला कर दिया। फिलहाल दोनो तरफ से फायरिग जारी है।

# जिले के समस्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेश 16 से 23 जुलाई तक

**बीजापुर,14 जुलाई।** जिला बीजापुर के समस्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बीजापुर, उसूर, भैरमगढ, एवं भोपालपटनम में प्रवेश सत्र 2025-26 एवं 2026-27 में संचालित व्यवसाय एक वर्षीय व्यवसाय कोपा, मैकेनिक डीजल एवं द्विवर्षीय व्यवसाय फिटर एवं विद्युतकार में प्रवेश के लिये अंतिम अवसर प्रदान करते हुए 16 जुलाई 2025 से 23 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन करने प्रवेश प्रक्रिया जारी किया गया है। प्रवेश के इच्छुक आवेदक स्वयं विभागीय वेबसाइट लागइन कर अथवा किसी बी लोकसेवा केंद्र के से आनलाइन कर सकते हैं आवेदन।

# कलेक्टर ने बैठक में वार्षिक साख योजना की समीक्षा की

**बीजापुर,14 जुलाई।** जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने की। बैठक में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि, अग्रणी जिला प्रबंधक एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में वर्ष 2025-26 की वार्षिक साख योजना की समीक्षा की गई तथा केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न वित्तीय योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिले के दूरस्थ और वनांचल क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता पर बल देते हुए, सभी बैंकों को इस दिशा में ठोस पहल करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जिले के सुदूर क्षेत्रों में निवासरत प्रत्येक व्यक्ति को सरकार की सभी वित्तीय और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने बैंकों को निर्देशित किया कि वित्तीय समावेशन की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएं और शाखा विस्तार एवं मोबाइल बैंकिंग सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करें।बैठक में स्ब्व्छ्व, यूनियन बैंक, ।ष्ठस्न्ष्ट सहित विभिन्न बैंकों द्वारा संचालित शाखाओं एवं उनकी उपलब्धियों की भी समीक्षा की गई। पामेड़ स्थित ग्रामीण बैंक शाखा द्वारा एक माह में 1500 से अधिक नए खाते खोले जाने की सराहना करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने शाखा प्रबंधक को प्रोत्साहित किया और इसे अन्य बैंकों के लिए अनुकरणीय बताया।अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि बैठक का उद्देश्य वित्तीय योजनाओं की जमीनी स्थिति की समीक्षा करना, बैंकों एवं प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करना और आगामी कार्ययोजना पर मार्गदर्शन प्राप्त करना था।

# जनजातियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे हरसंभव प्रयास: रामविचार नेताम



**रायपुर, 14 जुलाई ।** आदिम जाति विकास मंत्री ने साकरा में पीएम जनमन के तहत बने आवासों का किया निरीक्षण आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति मंत्री श्री रामविचार नेताम आज जिला धमतरी, विकासखंड सिहावा के ग्राम साकरा पहुंचे। ग्रामीणों ने इस मौके पर मंत्री श्री नेताम का पारंपरिक एवं आत्मीय स्वागत किया। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा 'मोदी की गारंटी' के अंतर्गत संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि सरकार की ये योजनाएं धरातल पर उतरकर प्रत्येक जरूरतमंद तक पहुँचे और उनका समग्र विकास सुनिश्चित हो यह हर संभव प्रयास किया जा रहा है।मंत्री श्री नेताम ने इस दौरान प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत कमार जनजाति समुदाय के लिए बनाए जा रहे आवासों का निरीक्षण किया। मंत्री श्री नेताम ने कमार जनजाति के बीच पहुंचकर राशन, बिजली, पानी सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि, आवास जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को लेकर चर्चा की। इस मौके पर धमतरी जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री अरुण सार्वा एवं सिहावा क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमती पिंकी ध्रुव उपस्थित थी।

# परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण-25 में रायगढ़ जिले ने किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



**रायपुर, 14 जुलाई।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा हर चार वर्ष में आयोजित होने वाले परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2025 में रायगढ़ जिले ने राज्य ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी उत्कृष्टता साबित की है। दिसंबर 2024 में आयोजित इस सर्वेक्षण में रायगढ़ जिले के 91 स्कूलों के 325 शिक्षक और 2728 विद्यार्थी शामिल हुए थे। जिले के छात्रों ने कक्षा तीसरी, छठवीं और नवमीं तीनों स्तरों पर सभी विषयों में राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन करते हुए जिले को 'उदित' श्रेणी में शामिल कराया है।इस सर्वेक्षण में शासकीय, मान्यता प्राप्त अशासकीय तथा अनुदान प्राप्त विद्यालयों के विद्यार्थियों को बहुविकल्पीय प्रश्नों के माध्यम से आंका गया। रायगढ़ जिले में यह अभियान कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी और सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में संचालित किया गया, जिसका परिणाम सभी स्तरों पर अत्यंत सराहनीय रहा।कक्षा तीसरी में भाषा विषय में रायगढ़ का औसत 70 प्रतिशत रहा, जो राष्ट्रीय औसत 64 प्रतिशत और राज्य औसत 59 प्रतिशत से कहीं अधिक है। गणित में भी रायगढ़ ने 68 प्रतिशत अंक हासिल किए, जबकि राष्ट्रीय औसत 60 और राज्य औसत 57 प्रतिशत रहा। कक्षा छठवीं में भाषा में 64 प्रतिशत, गणित में 56 प्रतिशत और 'आस-पास की दुनिया' विषय में 59 प्रतिशत के साथ रायगढ़ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**एक नजर**

## बैडमिंटन प्लेयर साइना नेहवाल पति से अलग हुईं, बोलीं- बहुत सोचने के बाद हम दोनों ने फैसला लिया



**नई दिल्ली, 14 जुलाई (एजेंसी)।** भारतीय बैडमिंटन प्लेयर साइना नेहवाल ने रविवार देर रात अपने पति और बैडमिंटन प्लेयर पारुपल्ली कश्यप (पी. कश्यप) से अलग होने की जानकारी दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी में लिखा, 'बहुत सोच-विचार के बाद, कश्यप और मैंने अलग होने का फैसला किया है।' साइना ने लिखा, 'जिंदगी कभी-कभी हमें अलग-अलग दिशाओं में ले जाती है। हम एक-दूसरे के लिए शांति, तरक्की और उबरना चुन रहे हैं। मैं उनके साथ सभी यादों के लिए आभारी हूं और आगे के लिए शुभकामनाएं देती हूं। हमारी निजता को समझने और उसका सम्मान करने के लिए धन्यवाद।' साइना नेहवाल ने 14 दिसंबर, 2018 को कश्यप पारुपल्ली के साथ लव मैरिज की थी। दोनों 2007 से रिलेशनशिप में थे। हालांकि, 2005 से एक-दूसरे को जानते थे। अपने करियर के शुरुआती दिनों में दोनों हैदराबाद के पुलेला गोपीचंद एकेडमी में एक साथ ट्रेनिंग करते थे।

**7 साल पहले हुई थी शादी, ट्रेनिंग के दौरान मिले थे:** साइना नेहवाल और पारुपल्ली कश्यप ने 7 साल पहले शादी की थी। जानकारी के मुताबिक, साइना और पारुपल्ली हैदराबाद में स्थित पुलेला गोपीचंद बैडमिंटन एकेडमी में ट्रेनिंग के दौरान मिले थे। दोनों इस खेल में काफी आगे बढ़े। लंबे समय तक रिलेशनशिप में रहने के बाद 2018 में दोनों ने शादी की थी। हालांकि, शादी तक दोनों के रिलेशनशिप के बारे में लोगों को भनक भी नहीं थी।

# इटली के सिनर ने जीता विम्बलडन

### पिछले 2 टाइटल जीतने वाले अल्काराज को हराया, 5 हफ्ते पहले फ्रेंच ओपन का फाइनल हारे थे



**लंदन, 14 जुलाई (एजेंसी)।** वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर ने विम्बलडन के मेंस सिंगल्स का खिताब जीत लिया है। सिनर ने पहली बार यह टाइटल जीता है। वे विम्बलडन चैंपियनशिप का मेंस सिंगल्स टाइटल जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बने हैं।

लंदन के ऑल इंग्लैंड क्लब के सेंटर कोर्ट में इटली के सिनर ने रविवार रात को 3 घंटे 4 मिनट चले मुकाबले में स्पेन के कार्लोस अल्काराज को 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। इस जीत के साथ सिनर ने अल्काराज से 5 हफ्ते पुराना हिसाब भी चुकता कर लिया है। 8 जून 2025 को अल्काराज ने सिनर को हराकर फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। सिनर ने पहली बार विम्बलडन ट्रॉफी जीती है। वे विम्बलडन चैंपियनशिप के मेंस सिंगल्स टाइटल जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी हैं। यह सिनर का चौथा ग्रैंड स्लैम टाइटल है। वे ऑस्ट्रेलिया ओपन में 2 (2024, 2025) और US ओपन में एक (2024) बार चैंपियन बन चुके हैं।

**सिनर से लगातार 5 जीत के बाद हारे अल्कराज:** विम्बलडन के पिछले 2 टाइटल जीतने वाले अल्कराज अपने इटैलियन प्रतिद्वंद्वी सिनर के खिलाफ 5 मैच बाद हारे हैं। अल्कराज ने 3 घंटे 4 मिनट चले इस मैच का पहला सेट 6-4 से जीता और मैच में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। यहां से इटली के सिनर ने लगातार तीन सेट 6-4, 6-4, 6-4 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

**इगा स्वातेक ने जीता विमेंस सिंगल्स का खिताब:** एक दिन पहले शनिवार, 12 जुलाई को पोलैंड की इगा स्वातेक ने विंबलडन के विमेंस सिंगल्स का खिताब जीता था। उन्होंने फाइनल में अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को सीधे सेटों में हराया।

**मैं अपने सपने को जी रहा हूं : सिनर**

सिनर ने पहली बार विम्बलडन जीतने पर कहा, मेरे अलावा सिर्फ मेरे करीबी लोग ही जानते हैं कि हमने टेनिस कोर्ट और कोर्ट के बाहर क्या कुछ झेला है। ये बहुत स्पेशल है। मैं अपने सपने को जी रहा हूं।

## अंडर-19 टेस्ट : रॉकी फ्लिंटॉफ शतक से चूके, दूसरे दिन इंग्लैंड का स्कोर- 230/5

**लंदन, 14 जुलाई (एजेंसी)।** बेकेनहैम में खेले जा रहे अंडर-19 टेस्ट के दूसरे दिन इंग्लैंड के बल्लेबाज रॉकी फ्लिंटॉफसिर्फ7 रन से शतक से चूक गए। उन्हें स्टंप्स से 5 मिनट पहले दीपेश देवेंद्रन ने 93 रन पर LBW आउट कर दिया। रॉकी फ्लिंटॉफ के साथ कप्तान हमज़ा शेख ने भी 84 रन की अहम पारी खेली।

दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने 230 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे, और अभी भी वह भारत के 540 रन के स्कोर से 310 रन पीछे है। भारत की तरफ से हेनिल पटेल ने 2 विकेट लिए।

**इंग्लैंड की खराब शुरुआत :** इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। पहले ही ओवर में हेनिल पटेल ने आर्ची वॉन को LBW किया। जेडन डेनली को जीवनदान मिला लेकिन हेनिल ने शानदार गेंद पर उन्हें बोल्ड कर दिया। इसके बाद रॉकी फ्लिंटॉफऔर कप्तान हमजा शेख ने मिलकर 154 रन की साझेदारी की।

शेख ने अनमोलजीत सिंह को लॉन्ग ऑफ पर छक्का भी मारा, लेकिन 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने उन्हें मिड-ऑफ पर कैच करा दिया। बेन मेयस 11 रन बनाकर विल्हान मल्होत्रा की गेंद पर LBW हो गए। थॉमस रू को जीवनदान मिला लेकिन अंत में अनमोलजीत ने फ्लिंटॉफ को LBW कर इंग्लैंड को बड़ा झटका दे दिया। पहले पारी में भारत ने 540 रन बनाए। कप्तान आयुष म्हात्रे ने शतक लगाया। उन्होंने 115 गेंदों में 102 रनों की शानदार पारी खेली।

**क्रिकेट डायरी**

# भारत लॉर्ड्स टेस्ट जीतने से 135 रन दूर

- **90 ओवर बाकी, राहुल 33 रन बनाकर नॉटआउट; इंग्लैंड को 5वें दिन 6 विकेट चाहिए**



**लंदन, 14 जुलाई (एजेंसी)।** भारत को लॉर्ड्स टेस्ट जीतने के लिए 135 रन और चाहिए। वहीं मुकाबले के 5वें और आखिरी दिन इंग्लैंड को 6 विकेट की जरूरत है। आज का खेल दोपहर 3.30 बजे से शुरू होगा। दोनों टीमों के पास 90 ओवर्स हैं। भारत से केएल राहुल 33 रन के स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाएंगे।

**चौथे दिन इंग्लैंड 192 रन पर ऑलआउट:** चौथे दिन इंग्लैंड ने 2/0 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम ढाई सेशन ही बैटिंग कर सकी और 192 रन बनाकर सिमट गई। जो रूट ने 40 और कप्तान बेन स्टोक्स ने 33 रन बनाए। भारत के लिए वॉशिंगटन सुंदर ने 4 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को 2-2 विकेट मिले। नीतीश रेड्डी और आकाशदीप ने 1-1 विकेट लिया।

तीसरे ही सेशन में भारत ने अपनी आखिरी पारी शुरू कर दी। टीम ने 17.4 ओवर में ही 58 रन के स्कोर पर 4 विकेट गंवा दिए। केएल राहुल 33 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। यशस्वी जायसवाल खाता भी नहीं खोल सके। करुण नायर ने 14, शुभमन गिल ने 6 और आकाशदीप ने 1 रन बनाया। इंग्लैंड से ब्रायडन कार्स ने 2 विकेट लिए। जोफ्रा आर्चर और बेन स्टोक्स को 1-1 विकेट मिला। भारत ने तीसरे दिन पहली पारी में 145/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। ऋषभ पंत ने फिफ्टी लगाई, उन्होंने केएल राहुल के साथ चौथे विकेट के लिए 141 रन की पार्टनरशिप की। पंत ने 74 रन बनाए। राहुल ने दूसरे सेशन में सेंचुरी पूरी कर ली, लेकिन 100 रन बनाने के ठीक बाद वे आउट भी हो गए। भारत ने 387 रन बनाए।

### सिराज पर मैच फीस का 15 फीसदी फाइन लगा:एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया



**लंदन, 14 जुलाई (एजेंसी)।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर मैच फीस का 15 प्रतिशत फाइन लगा है। मैच फीस के अलावा उन्हें एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया है। सिराज लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के चौथे दिन बेन डकेट को आउट करने के बाद एग्रेसिव सेलिब्रेशन करते नजर आए थे। यह ICC आचार संहिता के लेवल-1 उल्लंघन के बराबर है। रविवार को छठे ओवर में इंग्लैंड ने दूसरी पारी में अपना पहला विकेट गंवाया। सिराज ने शॉर्ट ऑफ लेंथ बॉल फेंकी। बेन डकेट पुल करने गए, लेकिन बॉल ज्यादा नहीं उछली और वे मिड ऑन पर जसप्रीत बुमराह के हाथों कैच हो गए। डकेट का विकेट मिलते ही सिराज एग्रेसिव सेलिब्रेशन करते नजर आए। वे दौड़ते हुए डकेट के पास गए और उनसे अपना कंधा टकरा दिया। जिसके बाद फील्ड अंपायर सिराज को समझाने पहुंच गए। डकेट 12 रन बनाकर आउट हुए।

# किंग्स्टन टेस्ट के दूसरे दिन 15 विकेट गिरे

- **वेस्टइंडीज पहली पारी में 143 रन पर ऑलआउट, दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया 99/6**

**किंग्स्टन, 14 जुलाई (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन 15 विकेट गिरे। रविवार को दूसरे दिन वेस्टइंडीज की टीम 143 रन पर ऑलआउट हो गई। वहीं, दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 99 रन पर ही 6 विकेट गंवा दिए हैं। दूसरे दिन वेस्टइंडीज ने 16/1 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। जॉन कैंप्बेल ने सबसे ज्यादा 36 रन बनाए। शाई होप 23, रोस्टन चेज और जस्टिन ग्रीव्स ने 18-18 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्कॉट बोलैंड ने 3 विकेट झटके। जोश हेजलवुड और पैट कमिंस ने 2-2 विकेट लिए। जबकि ब्यू वेबस्टर और मिचेल स्टार्क को 1-1 विकेट मिला। दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 29 ओवर में 99 रन के ही स्कोर पर 6 विकेट गंवा दिए। कैमरन ग्रीन 42 और पैट कमिंस 5 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। सैम कोंस्टस और एलेक्स कैरी खाता भी नहीं खोल सके।



# चेल्सी ने दूसरी बार फीफा क्लब वर्ल्ड कप जीता

### पीएसजी को 3-0 से हराया, कोल पाल्मर ने दो गोल किए



चेल्सी ने दूसरी बार फीफा क्लब वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया है। टीम ने 13 जुलाई को न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेले गए फाइनल में फ्रेंच क्लब पेरिस सेंट जर्मेन को 3-0 से हराया।

इससे पहले चेल्सी ने 2021 में भी खिताब अपने नाम किया था। इस बार यह टूर्नामेंट अलग फॉर्मेट में खेला गया। इसमें 32 टीमों ने हिस्सा लिया और इसकी शुरुआत 14 जून को हुई थी। 2000 में शुरू हुए इस टूर्नामेंट में पिछले साल तक 8 टीमें ही हिस्सा लेती थी। फाइनल मुकाबले के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी स्टेडियम में मौजूद रहे। उन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी दी।

**कोल पाल्मर ने दो गोल किए :** चेल्सी के लिए कोल पाल्मर ने दो गोल किए। 22वें मिनट में पाल्मर ने पहला गोल दागा। इसके 8 मिनट बाद उन्होंने टीम की तरफ से दूसरा गोल कर दिया। 30वें मिनट तक चेल्सी की बढ़त 2-0 की हो गई थी। पहले हाफ के अंत में चेल्सी ने तीसरा गोल भी कर दिया। जोआओ पेड्रो ने 43वें मिनट में तीसरा गोल दागा। चेल्सी के युवा खिलाड़ी कोल पाल्मर को गोल्डन बॉल दिया है। यह अवॉर्ड टूर्नामेंट के बेस्ट प्लेयर को दिया जाता है।

**पाल्मर को गोल्डन बॉल:** कोल पाल्मर को गोल्डन बॉल दिया गया है। यह अवॉर्ड टूर्नामेंट के बेस्ट प्लेयर को दिया जाता है। इस टूर्नामेंट में पाल्मर ने तीन गोल और दो असिस्ट भी किए। चेल्सी के गोलकीपर रॉबर्ट सांचेज को गोल्डन ग्लव पुरस्कार मिला।

**फीफा क्लब वर्ल्ड कप की शुरुआत 2000 में हुई:** FIFA क्लब वर्ल्ड कप एक इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट है, जिसे FIFA आयोजित करता है। इसमें दुनियाभर की बड़ी क्लब फुटबॉल टीमें हिस्सा लेती हैं। यह हर साल आयोजित होता है। इसका उद्देश्य यह तय करना होता है कि दुनिया की सबसे बेहतरीन क्लब टीम कौन सी है। FIFA क्लब वर्ल्ड कप की शुरुआत 2000 में हुई थी।

**व्यापार**

# थोक महंगाई 20 महीने के निचले स्तर पर

### जून में ये माइनस 0.13 प्रतिशत रही, खाने-पीने के सामान की कीमतों में कमी आई



**नई दिल्ली, 14 जुलाई (एजेंसी)।** जून महीने के थोक महंगाई घटकर माइनस 0.13% पर आ गई है। ये इसका 20 महीने का निचला स्तर था। इससे पहले अक्टूबर 2023 में ये माइनस 0.56% पर थी। वहीं मई में ये 0.39त्न और अप्रैल में 0.85% पर थी। रोजाना की जरूरत के सामान और खाने-पीने की चीजों की कीमतों के घटने से महंगाई कम हुई है।

**रोजाना जरूरत के सामान, खाने-पीने की चीजें सस्ती हुईं:** रोजाना की जरूरत वाले सामानों (प्राइमरी आर्टिकल्स) की महंगाई माइनस 2.02% से घटकर माइनस 3.38% हो गई। खाने-पीने की चीजों (फूड इंडेक्स) की महंगाई 1.72% से घटकर माइनस 0.26% हो गई। फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर माइनस 2.27% से घटकर माइनस 2.65% रही। मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 2.04% से घटकर 1.97% रही।

**होलसेल प्राइस इंडेक्स (WPI) का आम आदमी पर असर :** थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए WPI को कंट्रोल कर सकती है।

जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है। WPI में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है।

**होलसेल महंगाई के तीन हिस्से:** प्राइमरी आर्टिकल, जिसका वेटेज 22.62% है। फ्यूल एंड पावर का वेटेज 13.15% और मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट का वेटेज सबसे ज्यादा 64.23त्न है। प्राइमरी आर्टिकल के भी चार हिस्से हैं। फूड आर्टिकल्स जैसे अनाज, गेहूं, सब्जियां, नॉन फूड आर्टिकल में ऑयल सीड आते हैं। मिनरल्स क्रूड पेट्रोलियम।

**महंगाई कैसे मापी जाती है?**

भारत में दो तरह की महंगाई होती है। एक रिटेल यानी खुदरा और दूसरी थोक महंगाई होती है। रिटेल महंगाई दर आम ग्राहकों की तरफ से दी जाने वाली कीमतों पर आधारित होती है। इसको कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (CPI) भी कहते हैं। वहीं, होलसेल प्राइस इंडेक्स (WPI) का अर्थ उन कीमतों से होता है, जो थोक बाजार में एक कारोबारी दूसरे कारोबारी से वसूलता है। महंगाई मापने के लिए अलग-अलग आइटम्स को शामिल किया जाता है। जैसे थोक महंगाई में मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स की हिस्सेदारी 63.75%, प्राइमरी आर्टिकल जैसे फूड 22.62% और फ्यूल एंड पावर 13.15% होती है। वहीं, रिटेल महंगाई में फूड और प्रोडक्ट की भागीदारी 45.86%, हाउसिंग की 10.07% और फ्यूल सहित अन्य आइटम्स की भी भागीदारी होती है।

# पहली तिमाही में ओला को 428 करोड़ रुपए का घाटा

- **पिछले साल के मुकाबले लॉस 23 प्रतिशत बढ़ा, कमाई आधी होकर 896 करोड़ रुपए रही**

**मुंबई, 14 जुलाई (एजेंसी)।** भारत की तीसरी बड़ी इलेक्ट्रिक टू व्हीलर मैन्युफैक्चरर ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 428 करोड़ रुपए का शुद्ध नुकसान (कॉन्सोलिडेटेड नेट लॉस) हुआ है।

एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी को 347 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। सालाना आधार पर कंपनी का लॉस 23त्न बढ़ा है।

कंपनी ने आज यानी सोमवार (14 जुलाई) को तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए हैं। ऑपरेशन से कंपनी के रेवेन्यू की बात करें तो अप्रैल-जून तिमाही में यह 828 करोड़ रुपए रहा है।


सालाना आधार पर यह 49.64 प्रतिशत कम हुआ है। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी ने 1,644 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था। वस्तुओं और सेवाओं को बेचने से मिली राशि को रेवेन्यू या राजस्व कहा जाता है।

**क्या होता है स्टैंडअलोन और कॉन्सोलिडेटेड?:** कंपनियों के रिजल्ट दो भागों में आते हैं- स्टैंड अलोन और कॉन्सोलिडेटेड। स्टैंडअलोन में केवल एक यूनिट का वित्तीय प्रदर्शन दिखाया जाता है। जबकि, कॉन्सोलिडेटेड या समेकित फाइनेंशियल रिपोर्ट में पूरी कंपनी की रिपोर्ट दी जाती है।

**नतीजों के बाद 15 प्रतिशत चढ़ा ओला का शेयर:** वित्त वर्ष 2026 के पहली तिमाही के नतीजों के बाद ओला इलेक्ट्रिक का शेयर आज यानी सोमवार, 14 जुलाई को 15 प्रतिशत चढ़ गया। दोपहर 1 बजे यह 46 रुपए के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

बीते 5 दिन में यह 9.36 प्रतिशत चढ़ है। हालांकि, एक महीने में 4 प्रतिशत, 6 महीने में 40 प्रतिशत, एक साल में 51 प्रतिशत और इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक इसमें 49 प्रतिशत की गिरा है। कंपनी का मार्केट कैप करीब 19 हजार करोड़ रुपए है।

# कल से आधार ओटीपी से बुक होगी तत्काल टिकट



**नई दिल्ली, 14 जुलाई (एजेंसी)।** भारतीय रेलवे ने तत्काल टिकट बुकिंग के नियमों में बड़े बदलाव किए हैं। कल 15 जुलाई 2025 से बुकिंग करने के लिए IRCTC की वेबसाइट या एप पर आधार ऑथेंटिकेशन जरूरी होगा।

इसके अलावा, ऑनलाइन तत्काल बुकिंग के लिए आधार नंबर से जुड़ा OTP भी लगेगा। इन बदलावों का मकसद टिकट बुकिंग में पारदर्शिता लाना और दलालों या फर्जी एजेंट्स की मनमानी पर रोक लगाना है।

नए नियमों का मकसद यही है कि टिकट बुकिंग का मौका सिर्फ असली यात्रियों को मिले और फर्जीवाड़ा रुके। आधार वेरिफिकेशन से ये सुनिश्चित होगा कि टिकट वही बुक कर रहा है, जिसका आधार नंबर रजिस्टर्ड है। पहले 30 मिनट तक,ष्ट और नॉन-AC दोनों क्लास के लिए एजेंट्स को टिकट बुक करने की इजाजत नहीं होगी। जब आप टिकट बुक करने जाएंगे, तो आपके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक OTP आएगा। ये OTP डालने के बाद ही आपकी बुकिंग कन्फर्म होगी। काउंटर पर भी यही प्रोसेस होगा, जहां आपको आधार नंबर देना होगा और OTP वेरिफाई करना होगा।

# चांदी 1.13 लाख के ऑल टाइम हाई पर

### आज 3,483 रुपए का उछाल, इस साल 28,000 बढ़े दाम; सोना भी 586 महंगा हुआ

**नई दिल्ली, 14 जुलाई (एजेंसी)।** चांदी की कीमत लगातार दूसरे दिन ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार सोमवार, 14 जुलाई को एक किलो चांदी की कीमत 3,483 रुपए बढ़कर 1,13,773 रुपए पर पहुंच गई है। शुक्रवार (11 जुलाई) को यह 1,10,290 रुपए प्रति किलो पर थी। जो इसका ऑल टाइम हाई था।

वहीं, 24 कैरेट सोने के दाम में भी आज तेजी है। ये 586 रुपए महंगा होकर 98,097 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। शुक्रवार (11 जुलाई) को सोने का दाम 97,511 रुपए प्रति 10 ग्राम था। इससे पहले 18 जून को सोने ने ?99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था।



**इस साल 1 लाख 3 हजार तक जा सकता है सोना:** केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 3 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है।

**4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत**

**दिल्ली:** 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,030 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,700

**मुंबई:** 24 कैरेट सोने की कीमत 99,880 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550

**कोलकाता:** 24 कैरेट सोने की कीमत 99,880 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550

**चेन्नई:** 24 कैरेट सोने की कीमत 99,880 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550


**नाम परिवर्तन**

मैं RINKU BISWAS पति BIKAS CHANDRA BISWAS उम्र 65 वर्ष निवासी किरंदुल जिला दंतेवाडा छ.ग. की निवासी हूं।

मैं उपरोक्त पते पर रहती हूँ व निवासी हूँ।

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम BAKUL BISWAS अंकित है जो की गलत है।

मेरा सही नाम RINKU BISWAS है जो कि सत्य सही है।

मैं उक्त नाम सत्यता व सुधार हेतु शपथ पत्र दे रही हूँ।

मैंने उक्त शपथ पत्र में कोई भी सारवान तथ्यों को नहीं छिपाया है।

**सत्यापन**

मैं RINKU BISWAS पति BIKAS CHANDRA BISWAS उम्र 65 वर्ष निवासी किरदल जिला देतेवाडा छ.ग. की हूँ। उपरोक्त शपथ पत्र कि कंडिका 01 से 05 तक कि अंतर्वस्तु मेरे स्वतः के ज्ञान से सत्य व सही है आज दिनांक 06/07/2025 को हस्ताक्षरित किया।

**रिंकू बिस्वास**

**नाम परिवर्तन**

मैं हामिदा बानो पिता शेख दद्दू, जाति ओमिन, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम कहडबरी, तहसील मानपुर, जिला मोहला मानपुर अं. चौकी (छ.ग.) की निवासी हूं।

मुझ शपथकर्ती का नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है।

मुझ शपथकर्ती की विवाह मुख्यमंत्री कन्या विवाह सामूहिक योजना अंतर्गत ग्राम मानपुर, तहसील मानपुर, जिला मोहला मानपुर अं.चौकी में दिनांक 15/01/2025 को ग्राम ईरागांव, ग्राम पंचायत ईरागांव, तहसील मानपुर, जिला मोहला मानपुर अं.चौकी के निवासी आशीष सोनी पिता विनोद कुमार सोनी, जाति सोनार, उम्र 22 वर्ष के साथ हुआ है।

मैं शपथकर्ती विवाह पूर्व अपने नाम के बाद पिता का नाम समस्त शैक्षणिक दस्तावेज/शासकीय/अर्द्धशासकीय/अशासकीय में मेरे पिता एवं मायके का पत्ता नाम दर्ज है, जिसे मैं शपथकर्ती स्वयं का नाम हामिदा बानो से सोनिया सोनी एवं पिता के स्थान पर पति आशीष सोनी एवं मायके के स्थान पर ससुराल का पत्ता आधार कार्ड में दर्ज करवाना चाहती हूँ।

मैं शपथकर्ती हिन्दू धर्म में विवाह होने के कारण अपना नाम सोनिया सोनी पति आशीष सोनी के नाम से जानी व पहचानी जावे एवं राजपत्रित में मेरा नाम सोनिया सोनी दर्ज कराने के समर्थन में श्रीमान के समक्ष सादर शपथपत्र प्रस्तुत है।

सत्यापन

मैं शपथकर्ती हामिदा बानो पिता शेख दद्दू, जाति ओमिन सत्यापित करती हूं कि, शपथ कंडिका क्रं. 01 से 04 तक में दिये गये जानकारी सत्य एवं सही है। अतः आज दिनांक 2025 को स्थान मानपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**हमीदा बानो**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/1257/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा नेवरा दिनांक 08/07/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अभिषेक गोयल पिता पवन गोयल गुरूघासी दास वार्ड क्रं. 04 तिल्दा-नेवरा द्वारा भूमि/भवन का श्री सुरेश कुमार पिता श्री रतनलाल अग्रवाल गुरूघासी दास वार्ड क्रं. 04 तिल्दा नेवरा निवासी का वसीयत नामा निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त भवन डिमांड क्र. 93/04 भूमि गुरुनानक खसरा नं. 356/5, 357/14 का भाग रकबा 14400 वर्गफुट को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 08/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा**

**एक नजर**

## करबला तालाब में राजेश मूणत ने किया वृक्षारोपण

**रायपुर।** रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 7 के स्वामी आत्मानंद वार्ड क्रमांक 38 के अंतर्गत करबला तालाब चौबे कॉलोनी के पार में एक पेड़ माँ के नाम महाभियान के अंतर्गत नगर निगम उद्यानिकी और पर्यावरण विभाग के तत्त्वावधान में कार्यक्रम हुआ। नगर निगम जोन क्रमांक 7 के सहयोग से रखे गए संक्षिप्त आयोजन में पहुंचकर प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने रायपुर नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़, छत्तीसगढ़ राज्य लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग के अध्यक्ष भोलाराम साहू,लोक कर्म विभाग के अध्यक्ष दीपक जायसवाल, स्वामी आत्मानंद वार्ड नम्बर 38 के पार्षद आनंद अग्रवाल, ग्रीन आर्मी ऑफरायपुर के प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे, उपस्थित सभी पदाधिकारियों, नगर निगम जोन 7 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता ईश्वर लाल टावरे ,गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों,आमजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति के मध्य नगर निगम रायपुर के जोन क्रमांक 7 द्वारा स्थल पर एक पेड़ माँ के नाम महाभियान हेतु करवाई गयी गड्ढाँ, फेंसिंग व्यवस्था सहित एक पौधा माँ के नाम रोपित किया. नीम, करंज और अन्य विभिन्न प्रजातियों के लगभग 50 पौधे रोपित कर सबने सहभागिता के माध्यम से लगाए गए प्रत्येक पौधे की सुरक्षा और देखभाल अपनी संतान की तरह करने का सामूहिक संकल्प पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत के नेतृत्व में समाजहित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से लिया।

## प्रवचन केवल सुनने की नहीं जीवन में उतारने का अध्याय है : साध्वी हंसकीर्ति श्रीजी

**रायपुर।** दादाबाड़ी में आत्मोत्थान चातुर्मास 2025 के अंतर्गत चल रहे प्रवचन श्रृंखला के दौरान रविवार को परम पूज्य श्री हंसकीर्ति श्रीजी म.सा. ने कहा कि प्रवचन केवल सुनने की चीज नहीं हैं, बल्कि उनका असर हमारे विचारों, व्यवहार और कर्मों पर गहराई से पड़ता है। प्रवचन के प्रभाव से मन में गलत कार्यों की प्रवृत्ति समाप्त होने लगती है। जब व्यक्ति नियमित रूप से धर्म की बातें सुनता है, तो उसका चित्त शांत होता है और जीवन में संयम व विवेक जागृत होता है। साध्वीजी ने कहा कि जैसे कोई पुरानी फिल्म या भोजन का स्वाद वर्षों बाद भी स्मृति में बना रहता है, उसी तरह अगर मन में अराधना का भाव गहराई से उतर जाए, तो वह भी जीवन में स्थायी असर छोड़ता है। उन्होंने कहा,हर व्यक्ति के भीतर अराधक भाव होना चाहिए। जब तक भीतर से यह भाव जागृत नहीं होगा कि मैं आत्मा हूं, तब तक आत्म-साक्षात्कार की यात्रा अधूरी रहेगी।

# शिवालय में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे

**रायपुर।** राजधानी में आज पहला सावन सोमवार के दिन शिवालय में हर-हर महादेव के जयकारे गुंजे आज हटकेश्वरनाथ, बूढेश्वर महादेव, नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक और रूद्राभिषेक किया गया।

राजधानी में आज सुबह से ही भगवान महादेव का जलाभिषेक करने पुरूष महिला किशोरियां बेल-पत्र सहित धतूरे का फल, कनेर का फूल लेकर पहुंचे भक्तों ने इस अवसर पर भगवान का दूध से अभिषेक किया। प्रबंधन समितियों द्वारा विशेष तैयारियां की गयी है। हटकेश्वर नाथ मंदिर में आज सुबह जलाभिषेक किया भक्तों को गर्भ गृह में जाने नहीं दिया जलाभिषेक करने के लिए खारून नदी से जल लाये। हटकेश्वरनाथ शिव जी की जटाओं में विष्णु का मुकुट का श्रृंगार किया गया। भक्तों ने इसका दर्शन किया। बूढ़ापारा में स्थित भूनेश्वर मंदिर में विशेष पूजा पाठ एवं विशेष श्रंगृार किया गया। इस अवसर पर भक्तों ने भगवान महादेव का दर्शन किया नीलकंठेश्वर सुरेश्वर



नरहरहरेश्वर टिकारापारा में तथा चौबे कॉलोनी तथा करूणा तालाब तथा सरोना स्थित मंदिरों में भरी भीड़ लगी।

आज सावन का पहला सावन सोमवार होने के कारण बड़ी संख्या में कवडियां पहुंचे हरी वल्लभ अग्रवाल ने बताया कि कवड़ियों के ठहरने की व्यवस्था की गई सबसे ज्यादा कवड़िया हटकेश्वर आते जिनके लिए विशेष तैयारियां की जाती है। आरंग और राजिम क्षेत्र के कोपेश्वर तथा महानदी घाट में स्थित कुलेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों की भरी भीड़ लगी रही है। आज सरोना स्थिति मंदिर में भीड़ लगी रही। आज सावन सोमावार को महिलाये व्रत रखती है। शाम को फलाहार करती है। राजधानी में फल सेब, नाशपत्ती आलु बुखारा का रेट आसमान छू रहा है।

# मशरूम फैक्ट्री में बंधकों से मिले कांग्रेसजन

### फैक्ट्री के विरोध मिली शिकायतें कलेक्टर को दिया जायेगा ज्ञापन

**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने ग्रामीणों के शिकायतों पर अवलोकन किया बंधक बनाये गए मजदूरों की यातनाओं को सुना

कांग्रेस पदाधिकारियों ने विज्ञाप्ति जारी कर बताया की कलेक्टर एवं पर्यवरण अधिकारियों को इस पूरे मामले की शिकायत करने का आश्वासन दिया। मोजो मशरूम फैक्ट्री से निकलने वाली बदबू और सार्वजिक जगहों पर डाले जा रहे अपशिष्ट से ग्रामीण परेशान । जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष उद्योराम वर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने ग्रामीणों की शिकायत सुन फैक्ट्री का मुआवना किया। जारी विज्ञप्ति मोजो मशरूम फैक्ट्री में मजदूरों को बंधक बनाए जाने और उन्हें दी गई यातनाओं के खिलाफ जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष उद्योराम वर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने फैक्ट्री का मुआवना कर मजदूरों से चर्चा की।

इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि फैक्ट्री से बहुत ज्यादा बदबू आती है जिससे आसपास के गांव प्रभावित हैं । ग्रामीणों ने फैक्ट्री के द्वारा गांव की सार्वजनिक जगहों पर फेंके जा रहे अपशिष्ट की समस्या से भी अवगत कराया परन्तु फैक्ट्री प्रबंधन ने इस बात को नकारते हुए कहा कि कोई भी अपशिष्ट फेंका नहीं जाता बल्कि पावर प्लांट में सप्लाई किया जाता है। नाराज ग्रामीणों ने प्रतिनिधिमंडल को पीकरीडीह स्थित गौठान भूमि और गांव के सार्वजनिक निस्तार की जगह को दिखाया । मौका मुआवना करने पर प्रतिनिधिमंल को फैक्ट्री द्वारा बड़े पैमाने पर फेंके गए बदबूदार अपशिष्ट मिले जो गैरकानूनी रूप से डंपिंग किया गया है।

**जानलेवा स्टंट**

# वाटरफॉल में पेड़ की जटा पर चढ़ा युवक

**गरियाबंद.** लगातार हो रही बारिश से चिंगरापगार वाटरफॉल की खूबसूरती बढ़ गई है, जो लोगों को आकर्षित कर रही है. लेकिन यहां आने वाले लोग मौज-मस्ती के चक्कर में अपनी जान को खतरे में डालने से बाज नहीं आ रहे हैं. ऐसा ही एक नजारा रविवार को देखने को मिला, जहां एक युवक पेड़ की जटा पर लटककर नीचे वाटफॉल में उतरता नजर आया. नीचे चट्टानों पर फिसलन होने के कारण यह हरकत बेहद खतरनाक साबित हो सकती थी. सिर्फ उस युवक ही नहीं,



बल्कि आसपास मौजूद अन्य लोगों के लिए भी यह जोखिम भरा था. इस घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं.

इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें युवक पेड़ की जटा से लटका हुआ नजर आ रहा है. वह वाटरफॉल के नीचे उतरने की कोशिश करता है, लेकिन थोड़ी देर बाद उसे कठिनाई होने लगती है. यह देख आसपास मौजूद अन्य लोग भी उसकी ओर बढ़ जाते हैं. वहां मौजूद सभी लोगों की नजरें उसकी इस जानलेवा हरकत पर टिक जाती हैं. नीचे की चट्टानें बेहद फिसलन भरी थीं, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रही.

# तेंदुए के बाद अब हाथी की आमद से ग्रामीणों में दहशत

**मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी।** जिले में वन्यजीवों की लगातार बढ़ती आवाजाही ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। एक ओर जहां अभी हाल ही में तेंदुए की आमद से ग्रामीण सहमे हुए थे, वहीं अब उसी जिले में जंगली दंतैल हाथी के कदम पड़ चुके हैं। मानपुर में महाराष्ट्र की सीमा से सटे कोहका वन क्षेत्र में बीती रात से हाथी की मौजूदगी दर्ज की गई है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है।



डीएफओ दिनेश पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह जंगली हाथी महाराष्ट्र की ओर से कोहका थाना क्षेत्र के आमाकोड़ो जंगल में प्रवेश कर चुका है। जंगल की कच्ची सड़क पर हाथी के पगचिन्ह और लीद (मल) साफतौर पर उसकी मौजूदगी की पुष्टि करते हैं। वन विभाग की टीमें मौके पर पहुंचकर लगातार हाथी की लोकेशन ट्रैक कर रही हैं ताकि किसी प्रकार की जनहानि या संपत्ति को नुकसान न हो। वन विभाग द्वारा क्षेत्र के ग्रामीणों को अलर्ट किया जा रहा है। लोगों से अपील की गई है कि वे जंगल की ओर न जाएं और हाथी के आसपास कतई न भटकें। किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या नज़दीकी से हाथी आक्रामक हो सकता है, जिससे जान का खतरा हो सकता है। डीएफओ पटेल ने कहा कि, जिले के वनों में अनुकूल वातावरण बनने से वन्यजीवों की आमद बढ़ रही है, जो वन क्षेत्र की सेहत के लिए अच्छा संकेत है। लेकिन साथ ही यह जरूरी है कि इंसान और जानवर के बीच सुरक्षित दूरी बनी रहे।

गौरतलब है कि ठीक एक रात पहले, यानी 12ङ्क13 जुलाई की रात, जिले के उत्तरी छोर के ग्राम आटरा में एक तेंदुआ घुस आया था। सुबह होते-होते वह वापस जंगल की ओर लौट गया। इसके ठीक बाद, 13ङ्क14 जुलाई की देर रात, जिले के दक्षिणी छोर के मानपुर क्षेत्र में जंगली हाथी की चहलकदमी की खबर ने वन विभाग को एक बार फिर सतर्क कर दिया है। वन विभाग ने पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए टीमें मुस्तैद हैं। आमजन से अपील है कि अफवाहों से बचें और वन विभाग के निर्देशों का पालन करें।




स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26